26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 27 नवम्बर, 2026
अंक- 32 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

मकबरा मस्जिद के अंदर युवक का शव मिलने से सनसनी

पुलिस ने मुतवल्ली के पुत्र को हिरासत में लिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रेलवे स्टेशन स्थित नवाब नजीबुद्दौला मकबरे के अंदर स्थित मस्जिद के कमरे में आज सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। साथ ही कमरे में रहने वाले मकबरा मस्जिद के मुतवल्ली के पुत्र को हिरासत में ले लिया है। आज सुबह मकबरा मस्जिद के मुतवल्ली के पुत्र हनी के मकबरा मस्जिद के अंदर स्थित कमरे में एक युवक का शव पड़ा होने की खबर मिलने पर व्यापारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। नवागत थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच की। जांच में पता चला कि मस्जिद के अंदर मकबरा के मुतवल्ली हनी का कमरा है। कमरे में जो शव मिला है, वह नगर के मौहल्ला रम्पुरा निवासी अंकुर का है। जिसकी आयु करीब 30 वर्ष है। युवक के शव के पास ही उसका मोबाइल रखा मिला। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। पुलिस ने मुतवल्ली के पुत्र हनी को हिरासत में ले लिया। पुलिस को उसने बताया कि अंकुर उसका दोस्त था, वह आए दिन उसके कमरे पर आता था। बीती रात भी करीब आठ बजे अंकुर उसके कमरे पर आया था, जहां उसने नशा किया था। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की मौत अधिक नशे से होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का पूरा कारण पता चलेगा। मुतवल्ली का पुत्र हनी भी नशा करता है, दोनों ही नशे के आदी है। मामले की पूरी जांच पड़ताल की जा रही है।



मस्जिद के कमरे में मिले युवक का शव।

ब्रजेश पाठक के ख़िलाफ़ चुनाव लड़ेंगे अलंकार अग्निहोत्री

लखनऊ (चिंगारी)। गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी के दिन पीसीएस से इस्तीफा देने वाले अलंकार अग्निहोत्री ने यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के खिलाफ चुनाव लड़ने की घोषणा की है। बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट रहे अलंकार अग्निहोत्री ने साफ कहा है कि वह उसी विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे, जहां से ब्रजेश पाठक चुनाव लड़ेंगे। प्रशासनिक सेवा छोड़कर राजनीति में कदम रखने वाले अलंकार के इस ऐलान ने सियासी गलियारों में नई हलचल पैदा कर दी है। ब्रजेश पाठक फिलहाल लखनऊ की कैंट सीट से विधायक हैं।



महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



साहनपुर वन रेंज में करंट लगने से हाथी की मौत से मचा हड़कंप

नजीबाबाद (चिंगारी)। साहनपुर वन रेंज के कम्पार्टमेंट नम्बर-10 में हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक नर हाथी की मौत हो गई। जिससे वन विभाग में हड़कंप मच गया। साहनपुर वन रेंज में करीब 40 वर्षीय नर हाथी का शव रेंज कार्यालय से कुछ ही दूरी पर मिला। सूचना मिलने पर डीएफओ व वन क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि हाथी वन क्षेत्र से निकलकर खेत की मेढ तक पहुंच गया। इसी दौरान खेत की मेढ़ के ऊपर से गुजर रही उच्च क्षमता वाली विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। हाथी ने जैसे ही हाईटेंशन लाइन में अपनी सूड डाली, उसे करंट लगा व उसकी मौत हो गई। हाथी की अचानक मौत से वन विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। तीन पशु चिकित्सकों की टीम ने हाथी के शव का पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद जेसीबी से गढ्ढा खुदवाकर हाथी के शव को दफना दिया गया। जांच के लिए मृतक हाथी के मुख्य अंग सुरक्षित रखे गये। जिन्हें जांच के लिए बरेली भेज दिया गया।





गंगा में गुड़िया की तलाश जारी

नांगल सोती (चिंगारी)। कार्तिक पूर्णिमा पर स्थानीय गंगा स्नान मेले में गंगा में डूबे श्रद्धालुओं में से एक विवाहित युवती का अभी तक पता नहीं चला है। पिछले दो दिनों में दो शव बरामद हो चुके हैं। 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर स्थानीय गंगा स्नान मेले में तब हड़कंप मच गया था, जब गंगा स्नान करते हुए मुहल्ला रमपुरा, नजीबाबाद के एक ही परिवार के चार सदस्य गंगा में डूब गये थे। एक बच्ची को तो बचा लिया था, मगर बाकी तीनों गंगा में समा गये थे। 24 नवंबर से ही उत्तराखंड व यूपी की एसडीआरएफ की टीमें तथा दर्जनों प्राइवेट गोताखोर एवं नाविक तलाश में जुटे हुए हैं।

बुधवार को एक युवक सूरज उर्फ छोटू का शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर तथा गुरुवार को दूसरे नवयुवक हर्षित का शव लगभग दो किलोमीटर दूर बरामद हो गया था। गुड़िया उर्फ डोली का शव समाचार दिये जाने तक पता नहीं लग सका था। परिजन भी टकटकी लगाये गंगा की ओर देख रहे हैं।


गंगा की ढांग पर आस लगाये बैठे पीड़ित परिजन।

एस.बी. कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया



बिजनौर (चिंगारी)। एस.बी. कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के प्रांगण में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को पुष्प अर्पित किये गये, इसके बाद अफीफा, तंमन्ना, लोमार्श देव, शेखर चांगवाल छात्र-छात्राओं ने संविधान दिवस के अवसर पर अपनी प्रस्तुति दी तथा अन्य छात्र/छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रवक्तागणों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। डॉ. एसएम हसन ने छात्रों को सम्बोधित करते हुये संविधान दिवस की बधाई दी और अपने विचार प्रस्तुत किये व सभी को संविधान के सिद्धान्तों और आदर्शों पर चलने की शपथ दिलाई। अंत में कॉलेज के प्रबंधक डॉ. अशरफ अली खान ने संविधान दिवस की बधाई दी और नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित रहने पर जोर दिया और सभी लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रबन्ध समिति की और से डा. अशरफ अली खान, श्री हस्सान पठान व प्राचार्य डॉ. एसएम हसन उपस्थित रहे और प्रवक्तागण ममित कुमार, सचिन कुमार, अफरोज़ जहां, अमनराज शर्मा, क्षुति खुराना, सोनू सिंह, शालिब बैग आदि ने कार्यक्रम को पूर्ण कराने में सहयोग किया।

संविधान संवाद विषय पर क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज, नजीबाबाद में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान संवाद योजना तथा एक स्वर-एक संविधान कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लीगल लिटरेसी क्लब की नोडल प्रवक्ता श्रीमती हेमलता गुलेरिया द्वारा समस्त स्टाफ एवं छात्राओं को एक साथ संविधान की प्रस्तावना का पठन कराया गया। समस्त स्टाफ एवं छात्राओं द्वारा मौलिक कर्तव्यों की शपथ ग्रहण की गई। संविधान दिवस के अवसर पर लीगल लिटरेसी क्लब के 20 सदस्यों को इंचार्ज शिक्षिका पूजा सैनी द्वारा लीगल कैडेट कॉर्प्स के रूप में घोषित किया गया। संविधान संवाद विषय पर क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं वंशिका प्रजापति, वंशिका, दीक्षा, गौसिया, अंजलि, अरूशा ने स्थान पाया। प्रभारी शिक्षिका पूजा सैनी द्वारा परिणाम घोषित कर सभी विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती शबनम नसरीन व नोडल प्रवक्ता श्रीमती हेमलता गुलेरिया ने विचार रखे।

लोकसभा की बैठक 30 नवम्बर और राज्यसभा की दो दिसम्बर को



नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। संसद के शीतकालीन सत्र को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों के बीच सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा की बैठक क्रमशः 30 नवम्बर और दो दिसम्बर से पुनः बुलाने का अनुरोध किया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने गुरुवार को बताया कि सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि जरूरी सरकार कामकाज निपटाने के लिए सदन की बैठक 30 नवम्बर को पुन : आहूत की जाए। इसी तरह राज्यसभा के सभापति से सदन की बैठक दो दिसम्बर को बुलाने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों सदनों की बैठकें कामकाज को देखते हुए तीन दिसम्बर तक चल सकती हैं। श्री रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, सरकार ने लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से जरूरी सरकारी कामकाज निपटाने के लिए लोकसभा को 30 नवम्बर से और राज्यसभा को दो दिसम्बर से पुनः आहुत करने का अनुरोध किया है।

निर्मला गोकुल सिंह स्कूल में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में संविधान दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने किया। प्रधानाचार्य एवं समस्त आचार्य बन्धु-बहिनों ने भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। आचार्य नीरज कुमार, आचार्या फूलमाला वर्मा ने विचार रखे। आचार्या फूलमाला वर्मा ने समस्त आचार्य बन्धु-बहिनों एवं भैया-बहिनों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आचार्य पंकज शर्मा, आत्मस्वरूप शर्मा, गोपेन्द्र सिंह, अनन्त कुमार, घनश्याम सिंह, संजय शर्मा, सोनू कुमार, सुभाष कुमार, संजीव कुमार तथा आचार्या रजनी टॉक, पूनम रानी, मनु, साक्षी, मीनू, पलक उपस्थित रहे।

ATHER अब धामपुर में

Ather Scooter के लिये धामपुर में सम्पर्क करें।
मो. 9762717747
पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761



Ather Scooter के लिये बिजनौर में सम्पर्क करें।
मो. 9119766026
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701

धामपुर में एथर शोरूम के लिये वर्कशॉप मैनेजर और मैकेनिक की आवश्यकता है

अगर आई सपा की सत्ता, मिलेगा 5 हज़ार बेरोजगारी भत्ता

पीडीए प्रणपत्र किया जारी, जिसमें घोषणाएं कीं ढेर सारी

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा-पत्र जारी किया। इस घोषणा-पत्र में रोजगार, किसानों के कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, महिलाओं की सुरक्षा, श्रमिकों के कल्याण, बुनियादी ढांचे और शासन से जुड़े बड़े वादे किए गए हैं, जिसमें पार्टी के 'पीडीए' (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) एजेंडे पर खास जोर दिया गया है।

पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी का घोषणा-पत्र जारी किया। इसमें पांच वर्षों में 25 लाख सरकारी नौकरियां देने, बेरोजगार स्नातकों को 5,000 रुपये का मासिक भत्ता देने, किसानों का कर्ज तुरंत माफ करने और 23 फसलों तथा दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने का वादा किया गया है। 'सत्ताइस का संकल्प- पीडीए का प्रण पत्र- जन-मन का घोषणा-पत्र 2027' नाम से तैयार इस घोषणा-पत्र में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, 26,000 प्राथमिक विद्यालयों को फिर से खोलने और 12वीं कक्षा पास करने वाले छात्रों के लिए मुफ्त लैपटॉप वितरण योजना को



दोबारा शुरू करने का भी वादा किया गया है।

25 लाख सरकारी नौकरियों के अलावा, पार्टी ने पांच वर्षों में अन्य क्षेत्रों में दो से तीन करोड़ रोजगार के अवसर पैदा करने का वादा किया है। जब तक स्नातकों को कोई नौकरी या रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक उन्हें हर महीने 5,000 रुपये दिए जाएंगे। भर्ती में होने वाली देरी और गड़बड़ियों को दूर करने के लिए, पार्टी ने सरकारी रिक्तियों के लिए एक वार्षिक कैलेंडर का प्रस्ताव रखा है। जिन भर्तियों में केवल एक चरण की परीक्षा होती है, उन्हें तीन महीने के भीतर पूरा किया जाएगा, जबकि कई चरणों वाली भर्तियों को छह महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

किसानों के लिए, पार्टी ने उत्तर प्रदेश में तुरंत कर्ज माफी और सभी 23 फसलों तथा दूध के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की कानूनी गारंटी देने का वादा किया है। इसके अलावा, आलू, टमाटर और प्याज जैसी उन फसलों के लिए 'मूल्य मुआवजा तंत्र' बनाने का भी वादा किया गया है, जो एमएसपी व्यवस्था के दायरे में नहीं आती हैं।

घोषणा-पत्र में खेत की सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का वादा किया गया है। गन्ना किसानों को 24 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये का एक फंड बनाया जाएगा, और गन्ने के दाम हर साल खेती की वास्तविक लागत के आधार पर बढ़ाए जाएंगे।

पार्टी ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का प्रस्ताव भी रखा है। शिक्षा के क्षेत्र में, समाजवादी पार्टी ने उन 26,000 प्राथमिक विद्यालयों को फिर से खोलने का वादा किया है, जो उनके अनुसार मौजूदा सरकार ने बंद कर दिए थे। साथ ही, 12वीं कक्षा पास करने वाले छात्रों के लिए लैपटॉप वितरण योजना को फिर से शुरू करने का भी वादा किया गया है।

संविधान का गला घोंटने वाले आज लाल किताब लेकर जनता को कर रहे गुमराह- योगी

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान दिवस पर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने सत्ता में रहते हुए संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का काम किया, वे आज लाल किताब लेकर जनता को गुमराह करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की संप्रभुता किसी व्यक्ति, परिवार या जाति विशेष की जागीर नहीं है। देश का प्रत्येक नागरिक ही संविधान और संप्रभुता का वास्तविक संरक्षक है। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत प्रदेश के 3,955 प्रतिमा स्थलों के सौंदर्यीकरण कार्यों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत अन्य अतिथियों के साथ संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ किया। योगी ने कहा कि भारतीय संविधान देश के 145 करोड़ नागरिकों का गौरव और मार्गदर्शक है। संविधान की प्रस्तावना के पहले शब्द 'हम भारत के लोग' देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना को व्यक्त करते हैं। इसका अर्थ है कि भारत की संप्रभुता का आधार कोई व्यक्ति या सत्ता नहीं, बल्कि देश की जनता है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच संतुलन बनाए रखना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।

संबंध विच्छेद सूचना

मेरा विवाहित पुत्र जुनैद आयु 32 वर्ष उसकी पत्नी गुलनाज पुत्री इरशाद अहमद आयु 30 वर्ष निवासी ग्राम पीपला जागीर वह मुझसे व मेरे परिवार वालों से अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं हैं, इसलिये मैं और मेरा परिवार उनसे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं, तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होंगे। - **फुरकान पुत्र शुक्के निवासी- ग्राम- पीपला जागीर थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर (बिजनौर)**



भली लगे या बुरी...

सपा का प्रणपत्र

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिस तरह से कांग्रेस के साथ बातचीत के बीच पहले अपने छः उम्मीदवारों के नाम घोषित किये, जिस तरह से पार्टी का घोषणा-पत्र जारी किया, उससे साफ है कि सपा अपनी राह पर बिना सहयोगियों की अधिक प्रतीक्षा किये आगे बढ़ रही है और यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि इस विधानसभा चुनाव में न केवल कांटे की टक्कर होने जा रही है, बल्कि सपा का भविष्य भी दांव पर लगा हुआ है। अखिलेश के सामने करो या मरो की स्थिति है। अगर इस बार भी उत्तर प्रदेश में उनकी सरकार नहीं बनी तो पार्टी को भी एकजुट रखना मुश्किल हो जायेगा।

'पीडीए का प्रणपत्र' नाम से सपा का घोषणा पत्र जारी करने के दौरान अखिलेश यादव के साथ जहां लगभग छह साल बाद आजम खां मंच पर थे, वहीं अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद, शिवपाल यादव और पार्टी के अन्य अनेक वरिष्ठ नेता भी थे। तीन भागों में विभक्त इस घोषणा-पत्र के कुछ प्रमुख बिन्दु निश्चय ही जनता के बीच अपनी जगह बनायेंगे। इनमें कुछ प्रमुख घोषणाएं इस प्रकार हैं- प्रत्येक बेरोजगार युवाओं को पांच हजार प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता, क्रमबद्ध रूप से पांच साल के दौरान पच्चीस लाख सरकारी नौकरियां, महिलाओं को प्रतिवर्ष 40 हजार रुपये का भुगतान, पुरानी पेंशन लागू करना, महिलाओं और वृद्धों के लिए विशेष आर्थिक और स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं, किसानों और जनता के प्रत्येक वर्ग के आर्थिक विकास के लिए अनेक कदम।

सांध्य दैनिक 'चिंगारी' : बाबू सिंह चौहान का अदम्य साहस और हिंदी सांध्य पत्रकारिता का सबसे पुराना जीवित स्तंभ

स्वर्गीय बाबू सिंह चौहान द्वारा तमाम चुनौतियों के बीच 'राम गंगा प्रकाशन' के रूप में बोया गया बीज आज एक वटवृक्ष बन चुका है। पहले श्री चन्द्रमणि रघुवंशी व श्री सूर्यमणि रघुवंशी और वर्तमान में श्री सूर्यमणि रघुवंशी के संपादन में बिजनौर जैसे छोटे शहर से निकलकर हिंदी सांध्य समाचार-पत्रों में सबसे पुराना होने का गौरव हासिल करना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। 41 वर्षों की यह अनवरत यात्रा-जिसमें कोरोना काल की कठिन परीक्षा भी शामिल है-सच्ची, निर्भीक और समर्पित पत्रकारिता की एक अमर मिसाल है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पत्रकारिता का इतिहास जब भी लिखा जाएगा, तो उसका स्वर्णिम अध्याय स्वर्गीय बाबू सिंह चौहान के अदम्य साहस से ही शुरू होगा। उस दौर में, जब बिजनौर जैसे छोटे शहर से एक सांध्य दैनिक समाचार-पत्र छापने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था, तब बाबू सिंह चौहान ने यह बीड़ा उठाया। इतने छोटे शहर से शाम का अख़बार निकालना ही अपने आप में बहुत बड़ी हिम्मत की बात थी, ऊपर से उनके अधिकतर सहयोगी और शुभचिंतक भी इसके सफल न होने की आशंका जता रहे थे। ऐसे प्रतिकूल माहौल में न केवल अख़बार को शुरू करना, बल्कि उसे आमजन के बीच लोकप्रिय बनाकर स्थापित करना बेहद मुश्किल चुनौती थी। लेकिन निर्भीक लेखनी और जनसरोकार के पर्याय रहे बाबू सिंह चौहान ने 'राम गंगा प्रकाशन' की नींव रखकर वर्ष 1985 में सांध्य दैनिक 'चिंगारी' का प्रकाशन प्रारंभ किया। आज निरंतर 41 वर्षों का गौरवशाली सफर पूरा कर चुका यह अख़बार पूरे भारत में नियमित रूप से प्रकाशित होने वाला हिंदी का सबसे पुराना सांध्य समाचार-पत्र है।



'सी' श्रेणी के छोटे शहर से प्रकाशन की बड़ी उपलब्धि

आमतौर पर सांध्य समाचार-पत्रों का सफल संचालन दिल्ली, मुंबई या राज्यों की राजधानियों जैसे महानगरों तक ही सीमित माना जाता है, जहां पाठकों की बड़ी संख्या और संसाधनों की भरमार होती है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के बिजनौर जैसे 'सी' श्रेणी के एक छोटे से शहर से किसी सांध्य दैनिक का शुरू होना और फिर चार दशकों से अधिक समय तक निरंतर प्रकाशित होते रहना अपने आप में एक असाधारण उपलब्धि है। स्वर्गीय बाबू सिंह चौहान ने तमाम आशंकाओं और संसाधनों के अभाव को दरकिनार कर यह कर दिखाया और साबित किया कि यदि संकल्प मज़बूत हो, तो छोटे शहर से भी पत्रकारिता के बड़े प्रतिमान गढ़े जा सकते हैं।

संपादकीय विरासत : चन्द्रमणि रघुवंशी व सूर्यमणि रघुवंशी का योगदान

किसी भी संस्था की असली परीक्षा उसके संस्थापक के बाद उसकी निरंतरता और मूल्यों को बनाए रखने में होती है। बाबू सिंह चौहान द्वारा प्रज्वलित इस 'चिंगारी' को बुझने न देने का संकल्प उनके सुपुत्रों ने पूरी निष्ठा के साथ निभाया। पहले श्री चन्द्रमणि रघुवंशी और श्री सूर्यमणि रघुवंशी के संयुक्त संपादन में इस अख़बार ने अपनी विशिष्ट पहचान और विश्वसनीयता को मज़बूत किया। इसके बाद से अब श्री सूर्यमणि रघुवंशी के कुशल संपादन में 'सांध्य चिंगारी' उसी तेवर, निष्पक्षता और जनसरोकार की भावना के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है और पाठकों के विश्वास पर खरा उतर रहा है।

कोरोना काल में भी नियमित प्रकाशन और अडिग संकल्प

पिछले चार दशकों में प्रिंट मीडिया ने कई कठिन दौर देखे हैं। डिजिटल क्रांति और 24×7 न्यूज़ चैनलों की आंधी में देश के बड़े-बड़े मीडिया समूहों के प्रतिष्ठित हिंदी सांध्य अख़बार तक बंद हो गए, लेकिन 'सांध्य चिंगारी' हर चुनौती के सामने अडिग रहा। यहां तक कि कोरोना (COVID-19) जैसे भयावह महामारी काल में भी, जब समूचा जनजीवन ठहर गया था और अख़बारों का प्रकाशन व वितरण सबसे बड़ी चुनौती बन गया था, तब भी 'सांध्य चिंगारी' का प्रकाशन एक दिन के लिए भी नहीं रुका। अपनी जान जोखिम में डालकर भी इसने पाठकों तक सही और सटीक ख़बरें पहुंचाने का अपना धर्म निभाया।



▶▶योगेन्द्र योगी
(सुयोग फीचर्स)

विधायकी रखने को बरक़रार, सुप्रीम कोर्ट जायेंगे ओम कुमार

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निर्वाचन किया रद्द, विरोधी गद्गद्

बिजनौर/नहटौर (चिंगारी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा निर्वाचन रद्द किये जाने के फैसले के विरुद्ध नहटौर विधायक ओम कुमार सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे। हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को 15 दिन की अंतरिम राहत के साथ विधायक ओम कुमार का निर्वाचन रद्द करने का फैसला सुनाया था। न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने मुंशीराम पाल की याचिका पर यह फैसला दिया।



ओम कुमार ने आज नहटौर में अपने कैम्प कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर बताया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में लिपिकीय और तकनीकी त्रुटि के कारण उनके नामांकन पत्र में कुछ कमियां रह गई थीं। उसी के आधार पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। हालांकि उनके विरुद्ध दायर चुनाव याचिका में लगाये गये मतगणना में कमी के आरोपों पर हाईकोर्ट ने कोई टिप्पणी नहीं की है।

ओम कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के लिये 15 दिनों की मोहलत दी है और उनके अधिवक्ता इस दिशा में कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि देश की सर्वोच्च अदालत से उन्हें न्याय और राहत मिलेगी।

बता दें कि ओम कुमार ने अपने नामांकन पत्र में पांच वर्ष की आय का ब्यौरा देने के बजाए केवल एक वर्ष का विवरण दिया था तथा नामांकन पत्र के कई कॉलम खाली छोड़ दिये थे। हाईकोर्ट ने माना कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 36 (2) के तहत उनका नामांकन उसी समय निरस्त किया जाना चाहिए था। हाईकोर्ट ने मुंशीराम पाल द्वारा स्वयं को निर्वाचित घोषित करने की मांग स्वीकार नहीं की। न ही मतगणना में किसी प्रकार की धांधली तथा वीवीपैट के मिलान में गड़बड़ी के आरोप को सही माना है।

258 वोटों से जीते थे ओम कुमार

2022 के चुनाव में ओम कुमार ने रालोद के मुंशीराम पाल को 258 वोटों से पराजित किया था। चुनाव के बाद मुंशीराम पाल ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की थी। ओमकुमार नहटौर सीट से लगातार तीसरी बार विधायक चुने गये थे। वह दो बार भाजपा के टिकट पर तथा एक बार बसपा के सिम्बल पर चुनाव जीते। ओम कुमार को नवसृजित नहटौर विधानसभा सीट से 2012 में प्रथम विधायक चुने जाने का गौरव प्राप्त हुआ था।

न्याय की जीत हुई- मुंशीराम

2022 के चुनाव में ओम कुमार के विरुद्ध रालोद के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले मुंशीराम पाल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को न्याय और सच्चाई की जीत बताते हुए कहा कि ओम कुमार ने अपने नामांकन पत्र में कई जानकारियां छिपाई थीं। इसी को लेकर हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है।

वालिया ग्लोबल एकेडमी में भव्य करियर फेयर का आयोजन

विद्यार्थियों को मिला भविष्य की राह चुनने का अवसर

नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी, नजीबाबाद में कक्षा 11 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं करियर मार्गदर्शन के उद्देश्य से एक भव्य करियर फेयर एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देहरादून, दिल्ली, नोएडा सहित विभिन्न शहरों से आए विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया एवं करियर की संभावनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच एवं कार्यक्रम समन्वयकों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद करियर फेयर में आए विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने संस्थानों के पाठ्यक्रमों, विशेषताओं, शैक्षणिक सुविधाओं एवं भविष्य में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के विषय में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर कक्षा 11 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विशेष करियर गाइडेंस सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप सही करियर का चुनाव करने के लिए प्रेरित किया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की



जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा के विभिन्न विकल्पों एवं बदलते समय में उभरते करियर क्षेत्रों से अवगत कराया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने कहा कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं जीवन का वह महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहां लिया गया सही निर्णय भविष्य की दिशा निर्धारित करता है। विद्यालय का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उनकी रुचि एवं प्रतिभा के अनुरूप सही करियर चुनने के लिए सक्षम बनाना भी है। यह करियर फेयर विद्यार्थियों को सपनों को दिशा देने, संभावनाओं को पहचानने व आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य की ओर कदम बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

नजीबाबाद (चिंगारी)। संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन की बरसीं संविधान दिवस पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ता तहसील नजीबाबाद के पास एकत्र हुए। जिला कमेटी सदस्य मोहम्मद तकी की अध्यक्षता एवं घसीटा पाल के संचालन में बैठक में सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार को किसान व मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि 2014 में जब यह सरकार आई थी तो किसान की आमदनी दुगनी करने, स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करने का वादा किया था। बाद में इसे पूरा न कर किसानों पर उल्टे तीन काले कानून थोप दिए थे, जिसके लिए किसानों को संघर्ष करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अमेरिका से ट्रेड डील करके भारत की खेती किसानी को खत्म कर अमेरिका पर निर्भर कर देना चाहती है। आदिवासियों के जंगल जमीन छीनकर कॉर्पोरेट को दे रही है, महंगाई आसमान छू रही है, आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। इन्हीं मांगों को लेकर शमशाद हुसैन, शब्बन कुरैशी, महिला संगठन की सर्वेश सैनी, अनीता, सुनीता, हमीदा, घसीटा पाल, अर्जुन सिंह, गुलशेर के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पर नारेबाजी कर तहसीलदार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन व प्रदर्शन में शमीम अहमद, जफरयाब, तसलीम अहमद, सिमरनजीत कौर, सोनम, ज्योति, रीना, कमला, साबरुन, रजिया, लता, रिंकी, विमल, वीरो, सरिता, भगवान देई आदि शामिल रहे।





ग्राम रोजगार सेवकों ने किया प्रदर्शन, 24 हजार रुपये मानदेय की मांग

बिजनौर (चिंगारी)। ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को दिया। ज्ञापन में ग्राम रोजगार सेवकों ने न्यूनतम 24 हजार रुपये मासिक मानदेय निर्धारित करने सहित चार प्रमुख मांगें उठाई हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम रोजगार सेवक पिछले करीब 20 वर्षों से ग्राम पंचायतों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सरकार की ओर से समय-समय पर सौंपे गए कार्यों के संपादन में उनकी अहम भूमिका रही है। इसके साथ ही मनरेगा और अब VBG RAMG के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य भी उनके द्वारा किया जा रहा है। ग्राम रोजगार सेवकों ने मांग की है कि उनका मासिक मानदेय न्यूनतम 24 हजार रुपये किया जाए और इसके लिए अलग से बजट की व्यवस्था करते हुए प्रत्येक माह भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा ग्राम रोजगार सेवकों और उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा एचआरए पॉलिसी लागू करने की मांग भी की गई है।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के आंदोलन का असर, बिलाई शुगर मिल ने किया पिछले पेराई सत्र का संपूर्ण भुगतान

15 वर्षों में पहली बार पेराई सत्र शुरू होने के महज 15 दिनों के भीतर पुराना भुगतान पूरा होने का बना इतिहास

बिजनौर (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के भुगतान नहीं तो गन्ना नहीं आंदोलन का बड़ा असर देखने को मिला है। बजाज ग्रुप की बिलाई शुगर मिल ने पिछले पेराई सत्र का लगभग संपूर्ण गन्ना भुगतान कर दिया है। हल्दौर, धामपुर और चांदपुर समितियों से जुड़े किसानों का शत-प्रतिशत भुगतान हो चुका है, जबकि बिजनौर समिति से जुड़े किसानों का भी लगभग 7 करोड़ रुपये का भुगतान आज शाम तक होने की पूरी उम्मीद है। गौरतलब है कि बिलाई शुगर मिल का वर्तमान पेराई सत्र 13 नवंबर को शुरू हुआ था। सत्र शुरू होने के महज 15 दिनों के भीतर पिछले पेराई सत्र का संपूर्ण भुगतान होना बिजनौर के गन्ना किसानों के लिए पिछले 15 वर्षों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे पहले मिल द्वारा पिछले सत्र का भुगतान अक्सर वर्तमान पेराई सत्र की समाप्ति तक या उसके तीन-चार महीने बाद तक किया जाता था। चौधरी दिगंबर सिंह ने स्पष्ट किया कि संगठन मिल से निकलने वाले चीनी, शीरा, बगास सहित सभी उत्पादों पर लगातार नजर रखेगा, ताकि उनकी बिक्री से प्राप्त धनराशि किसानों के भुगतान में लगे और भविष्य में भुगतान में देरी न हो।

संविधान बाबा साहब के अथक प्रयास व कड़ी मेहनत का परिणाम है : अवनीश अग्रवाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ लॉ में कॉलेज प्रभारी समस पाल सिंह के निर्देशन व विधि प्रवक्ता सियाराम के संचालन में भारतीय संविधान दिवस कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेजेज के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल आदि ने सविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। सविधान निर्माण में बाबा साहब के योगदान की सराहना करते हुए सभी ने अपने अपने विचार रखे। प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल ने बताया कि हमारा संविधान बाबा साहब के अथक प्रयास व कड़ी मेहनत का परिणाम है। कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे अच्छा संविधान है, जिसमे सभी को समान अधिकार दिए गए है। विधि छात्रा रुख्सार, दिव्यांशी, अन्नू, मिर्जा अलीशा, मरजीना, अलीना महक, अंशु, नगमा परवीन, विधि छात्र मोहमद अरमान, परवेज अज़ीम, नवनीत कुमार, फरजान आदि ने सविधान दिवस पर अपने विचार रखे। प्रभारी समस पाल सिंह ने बताया कि बाबा साहब ने कई देशों के संविधानों का अध्ययन कर अपने देश के लिए उचित प्रावधानों को चुनकर हमारे सविधान में रखा। सविधान दिवस कार्यक्रम में विधि प्रवक्ता डॉ. मोहमद जाकिर, रविकांत, सियाराम, अनिल कुमार, सलोनी चौधरी, मनोज कुमार आदि ने सविधान के विभिन प्रावधानों पर प्रकाश डाला।





धामपुर शुगर मिल प्रबंधन ने ट्रांसपोर्टर्स की बैठक बुलाई

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर शुगर मिल प्रबंधन द्वारा मिल परिसर में मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में मिल प्रबंधन, गन्ना परिवहन में लगे ट्रांसपोर्टर तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मिल के सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार द्वारा गन्ना ढुलाई के दौरान ओवरलोडिंग एवं ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने, ट्रकों, ट्रैक्टर ट्रॉलियों के आगे पीछे रिफ्लेक्टर तथा लाल कपड़ा बांधकर चलने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने ड्राइवर एवं कंडक्टर को नशे या शराब का सेवन करके वाहनों को न चलाने के लिए हिदायत दी।

बैठक में दुर्घटना अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचना देने के लिए संजीव कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि सभी



ट्रांसपोर्टर्स की बैठक मैं बोलते हुए विजय गुप्ता।

ट्रांसपोर्टर हमारी गन्ना आपूर्ति श्रृंखला के महत्वपूर्ण हिस्सेदार हैं तथा गन्ना ढुलाई को सुरक्षित एवं चीनी मिल को सुचारू रूप से संचालित करना सभी ट्रांसपोर्टरों की जिम्मेदारी है। उन्होंने ट्रांसपोर्टर्स के प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि अगर किसी ट्रांसपोर्टर को कोई समस्या है तो वह तुरंत उनके व्हाट्सएप पर या संजीव कुमार को फोन करके अपनी समस्या नोट करवा सकता है, समस्या का समाधान उनके स्तर पर शीघ्र की जाएगी।

बैठक में गन्ना ढुलाई में लगे ट्रांसपोर्टर के द्वारा सड़क के किनारे लगाये जा रहे ठेले वालों की समस्या बताई तथा रानी बाग चौकी के पास ब्रेकर बनाए जाने के लिए भी मांग की गई ताकि सामने से आने वाले गाड़ियां तेजी से ओवरटेक ना कर पाए। इसके अलावा जैतरा फाटक पर हो रही समस्या तथा ग्राम नीन्दडू के पास रोड पर हो रहे गडढो के बारे में रानी बाग चौकी इंचार्ज दीपक कुमार को बताया गया।

बैठक के दौरान कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी ट्रांसपोर्टर यह सुनिश्चित करेंगे कि गाड़ी के कागजात, आर.सी., इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, गाड़ी का फिटनेस सही है समय-समय पर इसके जांच के लिए भी बात कही, निर्धारित क्षमता से अधिक गन्ना लोड नहीं करेंगे, इसके लिए भी सभी ट्रांसपोर्टर को निर्देशित किया कि ट्रांसपोर्टर्स के साथ जो अनुबंध हुआ है उन सभी शर्तों का ट्रांसपोर्टर के द्वारा पालन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। चौकी रानी बाग प्रभारी दीपक कुमार के द्वारा सभी ट्रांसपोर्टर को ओवरलोडिंग न करने के लिए विशेष सख्त निर्देश दिए गए। कांस्टेबल अभिषेक कुमार ने बताया कि राजपूताना के पास ढ़लान एवं सिंगल रोड होने के कारण सतर्कता से गन्ना वाहनों को चलाना है ताकि दुर्घटना से बचाव हो सके।

बैठक में ये रहे मौजूद-

बैठक में पदम सिंह, इंद्रेश शर्मा, योगेश कुमार, चंद्रभान सिंह, शौकत अली, नसीम अहमद, सुरेंद्र सिंह, दिलशाद अहमद, दिनेश कुमार, मोहसिन अहमद, सुरेश कुमार, नीरज, रवि, शादाब अली, सुरेंद्र शर्मा, सुलेमान, हिमांशु, शिवराम, साजिद हुसैन के अलावा ड्राइवर कंडक्टर आदि शामिल हुए। धामपुर शुगर प्रबंधन की ओर से मुख्य सुरक्षा अधिकारी अजय पांडेय, शरद गहलौत, दिनेश राजपूत, नकुल, वीरेंद्र सुपरवाइजर, लविश कुमार आदि शामिल हुए।

एसबीडी में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया


सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूक करते हुए छात्राएं।

धामपुर (चिंगारी)। सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के मार्गदर्शन में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी नोडल अधिकारी रितु देवी, असिस्टेंट प्रोफेसर (अंग्रेजी विभाग) एवं डॉ. रेशू शुक्ला, असिस्टेंट प्रोफेसर (अंग्रेजी विभाग) के संयुक्त संयोजन में किया गया। इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में प्रवेश के समय बिना हेलमेट तथा ड्राइविंग लाइसेंस के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की जांच करते हुए उनको सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सदस्यों ने विद्यार्थियों को हेलमेट के उपयोग, वैध ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता, गति सीमा के पालन तथा यातायात नियमों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया साथ ही पम्फलेट के माध्यम से भी सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 'संविधान दिवस'

धामपुर (चिंगारी)। आर.एस.एम. (पी.जी.) कॉलेज, धामपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु त्रिपाठी एवं छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने संविधान दिवस की शपथ दिलाई, जबकि प्रो. अमित सिंह द्वारा भारतीय संविधान की उद्देशिका (प्रस्तावना) का सामूहिक वाचन कराया गया। इस अवसर पर प्रो. रमाकांत, डॉ. रवि शंकर, डॉ. मदन पाल, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. विवेक यादव, डॉ. आकाश, डॉ. विनय दुआ, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. रविंद्र भारद्वाज, डॉ. राम गोपाल यादव, डॉ. नाजिम, डॉ. चंद्रकला आदि उपस्थित रहे।

धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

छात्राओं को स्वगणना की प्रक्रिया बताई संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई

धामपुर (चिंगारी)। सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय, धामपुर में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा एवं डॉ. संजू सिंह के संयुक्त तत्वावधान में स्वगणना प्रशिक्षण एवं संविधान शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वगणना के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु स्वगणना अधिकारी डॉ. विवेक वंसल (मास्टर ट्रेनर-जनगणना) एवं विनय कुमार लक्की उपस्थित रहे। सर्वप्रथम डॉ. विवेक वंसल ने छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को स्वगणना की प्रक्रिया, उसके उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके पश्चात


संविधान की शपथ लेते हुए शिक्षिकाएं।

संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रार्थना स्थल पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने महाविद्यालय की छात्राओं को भारतीय संविधान की प्रस्तावना एवं उसके मूल आदर्शों के प्रति निष्ठा रखने की शपथ दिलाई।

प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। यह हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह संविधान के मूल्यों का सम्मान करे तथा एक जिम्मेदार, जागरूक एवं कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बने। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुष्पेंद्र, रामसिंह एवं श्रीमती दुलारी का विशेष सहयोग रहा।

बाबा साहब की प्रतिमाओं के सौन्दर्यकरण की योजना का हवन-पूजन से हुआ शुभारंभ

धामपुर (चिंगारी)। संविधान दिवस के मौके पर विधानसभा धामपुर में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण की पहल को विधायक अशोक कुमार राणा व ब्लॉक प्रमुख श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान द्वारा हवन पूजन कर शुरू किया गया। सीएम योगी जी का वर्चुअल संबोधन भी सुना गया।

ग्राम मौहडा व भटपुरा में विधायक अशोक राणा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. बी. आर. आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत आज सौंदर्यीकरण कार्यों का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने इस पहल को बाबा साहब के विचारों, आदर्शों और सामाजिक न्याय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता से जोड़ा है।

ग्राम नरुल्लापुर उदयचंद में श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सीएम योगी जी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार संविधान की मूल भावना को शासन का आधार बनाकर काम कर रही है। सरकार का संकल्प 'वंचित को वरीयता' देना है। इसके तहत समाज के


हवन यज्ञ में शामिल विधायक अशोक राणा।

अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के साथ उसे सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। अल्हैपुर ब्लॉक क्षेत्र के 10 गांव (मौहडा, नरूल्लापुर उदयचन्द, भटपुरा, बुडेरन, पालकी, नंगला नत्था, चकराजमल, उदुपुरा, नंगला नैनसी व मानपुर शिवपुरी में सौंदर्यीकरण व अन्य विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया है। ग्रामीणों को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, रणविजय सिंह, डीसी वीबी जी रामजी, आरबी यादव, ब्लॉक प्रशासक प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान ऋषिपाल सिंह, पूर्व प्रधान होरी सिंह, नरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, रवींद्र कुमार, सरोज देवी, हिमानी कुमारी, अनिता देवी, मालती देवी व सचिव अंकुश कुमार, हिमांशु कुमार, सौरभ, अमित आदि उपस्थित रहे।

वाहन चालक की लापरवाही से होती हैं 70 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं-एआरटीओ

बिजनौर (चिंगारी)। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को परिवहन विभाग की ओर से उप संभागीय परिवहन कार्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें रिक्शा एसोसिएशन, ऑटो रिक्शा एवं ट्रक-बस ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ आमजन ने भी प्रतिभाग किया।



गोष्ठी को संबोधित करते हुए एआरटीओ प्रशासन महेश शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सड़कों की स्थिति में जमीन-आसमान का सुधार हुआ है, लेकिन इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में भी चिंताजनक वृद्धि हुई है। यह आश्चर्य की बात है कि इंसान चंद्रमा और दूसरे ग्रहों तक सुरक्षित पहुंचने की क्षमता रखता है, लेकिन सड़क पर सुरक्षित चलने के लिए उसे जागरूक करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी होने के बावजूद उनका पालन नहीं करना है। तेज गति से वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना तथा नींद या शराब के नशे में ड्राइविंग करना दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। लगभग 70 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं इन गलतियों के कारण होती हैं, जिनके लिए चालक की लापरवाही जिम्मेदार है। इस अवसर पर पीटीओ मुन्ना लाल, रामगोपाल बाबू, नईम अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



गोल्डन लायनेस क्लब ने आयोजित की प्रतियोगिता

बिजनौर (चिंगारी)। गोल्डन लायनेस क्लब मेन, बिजनौर की अध्यक्षा अनामिका राजपूत, सचिव नीतू अग्रवाल के नेतृत्व में प्रोजेक्ट फ्लेम फ्री प्लेवर्स/ सलाद फियेस्टा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सदस्यों द्वारा बहुत ही सुंदर एवं स्वादिष्ट व्यंजन एवं सलाद तैयार की गई जो कि फ्लेम फ्री तरीके से बनायी गई। इसमें सुनीता सिंह एवं अर्पणा जैन ने सम्मिलित रूप से प्रथम स्थान एवं अमिता अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक वरिष्ठ समाज सेविका वन्दना त्यागी रही। कमेटी चेयरपर्सन विनीता रघुवंशी द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त सुनीता सिंह को पुरस्कार प्रदान किया गया। रीजन चेयरपर्सन विनीता राजपूत ने अपर्णा को तथा वरिष्ठ सदस्य कमलेश चौहान द्वारा अमिता अग्रवाल को पुरस्कार दिया गया।



मेरठ-हरिद्वार लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण में तेजी, नौ और किसानों ने कराया बैनामा

बिजनौर (चिंगारी)। सदर तहसील बिजनौर क्षेत्र में मेरठ-हरिद्वार लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण और बैनामा पंजीकरण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। 26 नवंबर 2026 को चार गांवों के नौ किसानों ने आपसी सहमति से 1.4688 हेक्टेयर भूमि का बैनामा यूपीडा के पक्ष में कराया। इस भूमि का कुल प्रतिफल मूल्य 3 करोड़ 13 लाख 83 हजार 404 रुपये है। इस परियोजना के तहत अब तक सर्वाधिक धनराशि का बैनामा कराने वाली ग्राम दौलतपुर निवासी श्रीमती कमला देवी रहीं। उन्होंने अपनी 0.3207 हेक्टेयर भूमि का बैनामा कराया, जिसके एवज उन्हें एक करोड़ 33 लाख 42 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त होगी। तहसील प्रशासन के अनुसार शेष पात्र किसानों से भी समन्वय स्थापित कर बैनामा पंजीकरण की कार्रवाई लगातार जारी है, ताकि परियोजना का निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

विज्ञान कांग्रेस में बाल वैज्ञानिकों ने पेश किया प्रोजेक्ट

बिजनौर (चिंगारी)। राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज, बिजनौर में 32वीं जनपदीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य गय्युर आसिफ एवं विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स ने दीप प्रज्वलित कर किया।

विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के माध्यम से सतत एवं स्वस्थ भविष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बाल वैज्ञानिकों ने पांच उपविषयों- अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा, जल, भोजन एवं कृषि, स्वास्थ्य तथा टिकाऊपन के लिए भारतीय ज्ञान प्रणाली का अनुप्रयोग पर अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।

बाल वैज्ञानिकों ने अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुति वर्धमान कॉलेज, बिजनौर से आए निर्णायक डॉ. सौरभ अहलावत (रसायन विज्ञान) एवं डॉ. अनामिका (वनस्पति विज्ञान) के समक्ष दी। प्रतियोगिता में माध्यमिक, बेसिक, जवाहर नवोदय विद्यालय एवं केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।



विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं कार्यक्रम प्रभारी गय्युर आसिफ ने कहा कि समाज में प्रत्येक समस्या का समाधान संभव है। जरूरत है कि विद्यार्थी अपने आसपास की समस्याओं को पहचानें और उनके समाधान के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चार प्रोजेक्ट चयनित

जनपद स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले चार बाल वैज्ञानिकों के प्रोजेक्ट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए। इनमें सुहानी, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज मंडावर का जैविक कीटनाशक, आराध्या, जवाहर नवोदय विद्यालय सैंदवार का जल संचय, शाहिना, उच्च प्राथमिक विद्यालय सादनपुर का ट्रेडिशनल पीक दान तथा शौर्य कश्यप, केंद्रीय विद्यालय बिजनौर का एक्टिवेटेड चारकोल संबंधी प्रोजेक्ट शामिल हैं। एकेडमिक कोऑर्डिनेटर मुजीबुर्रहमान ने बताया कि जनपद स्तर पर चयनित ये बाल वैज्ञानिक एक से तीन दिसंबर तक जीएनआईओटी इंस्टीट्यूशंस, नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे।

डीसीएम की टक्कर से थ्री व्हीलर में सवार एक ही परिवार के आठ लोग घायल

चार महिलाओं की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रैफर

शादी में भात देने जा रहा था परिवार

नगीना (चिंगारी)। धामपुर रोड पर बृहस्पतिवार अपराह्न गांव तिबड़ी के सामने तेज रफ्तार डीसीएम ने थ्री व्हीलर(टेंपो) में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में थ्री व्हीलर में सवार एक ही परिवार के आठ लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार महिलाओं को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। हरेवली निवासी एक परिवार श्री व्हीलर में सवार होकर नगीना थाना क्षेत्र के गांव जमालपुर में अपनी नातिन की शादी में भात देने जा रहा था। जैसे ही उनका श्री व्हीलर धामपुर रोड पर गांव तिबड़ी के सामने पहुंचा, तभी धामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि श्री व्हीलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे राहगीरों और ग्रामीणों ने घायलों को टेंपो से बाहर निकाला। हादसे में इकरार अहमद (70), जैतून (60), बिल्किस (65), खुर्शीदा (65), नजमा (50), जाफरीन (50), सैफ अली (26) और शाहनवाज (30),जाफरीन (50) घायल हो गए। सभी को सीएचसी नगीना में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने जैतून, बिल्किस, खुर्शीदा और नजमा की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह का कहना है कि घटना में घायल सभी लोगों का उपचार नगीना सीएचसी में कराया गया है। पीड़ित परिवार से तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।



नगीना के सरकारी अस्पताल में घायलों का उपचार करते चिकित्सक।

पैजनिया में सड़क हादसा, अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवती गंभीर घायल

पैजनिया (चिंगारी)। थाना क्षेत्र हल्दौर के गांव शरीफपुर नहर की पुलिया के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार दोपहर करीब 1:30 बजे हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव लाडनपुर निवासी खड़क सिंह की 21 वर्षीय पुत्री शीतल, अपनी बहन को पैजनिया चौराहे पर स्थित बस अड्डे पर छोड़ने गई थी। बहन को छोड़कर जब वह वापस अपने गांव लौट रही थी, तभी नहर की पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि शीतल गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिसकर्मियों और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल शीतल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत अधिक गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे ऋषिकेश एम्स रैफर कर दिया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

तब्लीगी जमात के अमीर रहे हाजी अब्दुल हफीज का इंतकाल



शेरकोट (चिंगारी)। लगभग पांच दशक तक नगर में तब्लीगी जमात के अमीर रहे हाजी अब्दुल हफ़ीज साहब का बृहस्पतिवार की रात इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल से परिवार में कोहराम मच गया और तब्लीगी जमात व दीन के काम से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के मुहल्ला खुराड़ा निवासी लगभग 80 वर्षीय मरहूम हाजी अब्दुल हफीज युवा अवस्था से ही तब्लीगी जमात से जुड़े हुए थे। उनके भाई ज़लील अहमद ने बताया कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ अमीर साहब पिछले कुछ वक़्त से कमजोर हो गए थे, जिसके चलते कल रात लगभग आठ बजे घर पर ही उनका इंतकाल हो गया। उन्होंने बताया कि उनके भाई ने लगभग पांच दशक तक तब्लीगी जमात के अमीर रहकर दीन की खिदमत को अंजाम दिया। अमीर साहब एक खुश मिजाज़, मिलनसार, दीनदार और सादगी पसंद इंसान थे, जिसके लिए उनकी अलग पहचान थी और तब्लीगी जमात से जुड़े लोग उनकी बहुत इज्जत करते थे। अमीर साहब अपने पीछे अपनी बीबी और पांच बेटों व सात बेटियों सहित भरा परिवार छोड़कर गए हैं। बाद नमाज़ ए जुमा उनके नमाज़े की नमाज़ नगर की जुमा मस्जिद में अदा की गई और उसके बाद उन्हें मुहल्ला नौधना स्थित बड़े कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। उनके जनाज़े में बड़ी संख्या में नगर व बाहर के लोगों ने शिरकत की।

रोलर हॉकी में सत्यवीरा डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने लहराया परचम

64वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में करेंगी प्रतिभाग

बिजनौर (चिंगारी)। जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर की छात्राओं ने रोलर हॉकी के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राएं शालिनी रावत (सीनियर टीम कप्तान) एवं सारिका रावत (उपकप्तान) ने अपनी खेल प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से विशेष उपलब्धि हासिल की है। शालिनी रावत बीए तृतीय वर्ष तथा सारिका रावत बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। दोनों छात्राएं श्री राम बालक एवं श्रीमती मीना देवी की सुपुत्रियां हैं। दोनों ने अब तक राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की पांच प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। इसके अतिरिक्त अलीगढ़ में आयोजित ओपन स्टेट रोलर हॉकी प्रतियोगिता में भी उन्होंने रजत पदक हासिल किया। दोनों छात्राएं आगामी 5 से 15 दिसंबर 2026 तक बेंगलुरु, कर्नाटक में आयोजित 64वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप-2026 में रोलर हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने जा रही हैं। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता पटेल रामैया स्केटिंग रिंक, हेन्नूर बागलुर मेन रोड, कोथनूर, बेंगलुरु में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार एवं उनके परिजनों में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने छात्राओं शालिनी रावत एवं सारिका रावत को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की।



विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये आकर्षक व ज्ञानवर्धक वैज्ञानिक मॉडल



नजीबाबाद (चिंगारी)। अल-फलाह इस्लामिक एकेडमी, नजीबाबाद में विद्यार्थियों की कला, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक मॉडल तैयार करके प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पारिवारिक वृक्ष, दैनिक जीवन में गणित का उपयोग, आंख की बनावट, तकनीक का प्रभाव तथा मानव मस्तिष्क की संरचना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सुंदर एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों को देखकर उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा, बुद्धिमत्ता एवं रचनात्मक क्षमता की जमकर सराहना की। पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एडवोकेट, सपा नेता रफीक अंसारी सहित अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार की विज्ञान प्रदर्शनियों का आयोजन समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। ऐसी गतिविधियों से बच्चों में वैज्ञानिक सोच, ज्ञान के प्रति रुचि तथा व्यावहारिक रूप से सीखने की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कारी मोहम्मद अथर, शिक्षिकाएं सिदरा निशा, शबनूर, अल्फिया, निदा, उमरा, मास्टर मोहम्मद जुनैद, मास्टर मोहम्मद शावेज उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की मेहनत एवं उनकी सराहनीय प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एकेडमी के निदेशक मुफ्ती मुहम्मद अरशद कासमी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

पुट्ठा के अंकित कुमार को मिला प्रतिष्ठित 'सृजन अवार्ड'



पुट्ठा (चिंगारी)। क्षेत्र के पुट्ठा गांव निवासी अंकित कुमार ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और कार्य के प्रति समर्पण के बल पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में अधिकारी के पद पर कार्यरत अंकित कुमार द्वारा विकसित डिजिटल इनवॉइस डिस्पैच सॉफ्टवेयर का चयन वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रतिष्ठित 'सृजन अवार्ड' के लिए किया गया है। अंकित कुमार द्वारा विकसित इस सॉफ्टवेयर ने संस्थान की कार्यप्रणाली को अधिक सरल, सुगम और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके इस नवाचार और उत्कृष्ट कार्य को संस्थान स्तर पर विशेष पहचान मिली है। इसी के चलते उनके सॉफ्टवेयर का चयन प्रतिष्ठित सृजन अवार्ड के लिए किया गया है। अंकित कुमार के पिता श्री ऋषि पाल भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिक हैं। पिता से मिले अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के संस्कारों ने उनके जीवन को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं, उनकी पत्नी श्रीमती मोहिनी ने हर परिस्थिति में उनका साथ देकर उनके हौसले और आत्मविश्वास को मजबूत किया है।

रोशनपुर में शोक में डूबा गुरु पर्व, तैयार लंगर खासपुरा भेजा गया

खासपुरा (चिंगारी)। गांव रोशनपुर (राहूंनंगली) स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व बड़े श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाना था। इसके लिए 24 व 25 नवंबर को दो दिवसीय महान कीर्तन समागम का आयोजन रखा गया था। 24 नवंबर को रैन सबाई कीर्तन और 25 नवंबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कीर्तन दरबार एवं नगर कीर्तन होना था। समागम के लिए पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनीय जत्थों को भी बुलाया गया था। मगर नूरपुर में 20 गज जमीन के विवाद को लेकर हुई घटना में रोशनपुर (राहूंनंगली) के निवासी अरविंदर सिंह उर्फ पूरन (37) की मौत हो जाने के कारण पूरा गांव शोक में डूब गया। मृतक गांव के ही निवासी थे, इसलिए शोक के कारण गुरुद्वारे में रखा हुआ कीर्तन समागम नहीं हो पाया। भगवान की भी कैसी लीला- लंगर के साथ इतनी तैयारी थी, सब चीज पूरी हो चुकी थी, मगर पहली बार ऐसा हुआ है कि कीर्तन दरबार स्थगित हो गया, जो दु:ख की बात है। समागम के लिए जो लंगर तैयार हो गया था, वह कच्चा लंगर खासपुरा भिजवाया गया, फिर बुधवार को खासपुरा के गुरुद्वारे में वह लंगर हुआ। लंगर में गोभी, चावल और उड़द की दाल और खीर संगत को बरताई गई। गुरुद्वारे का जो लंगर मौजूद था, वह भी मंजूर नहीं हुआ। इसको लेकर संगत में यही चर्चा है कि जब तक गुरु महाराज को मंजूर नहीं होता, तब तक उसको क्या कह सकते हैं। सारी व्यवस्था होने के बाद भी गुरु पर्व स्थगित हो गया, यही गुरु महाराज की लीला है।



हृदय गति रुकने से सफाईकर्मी की मौत, गांव में शोक



हरेवली (चिंगारी)। निकटवर्ती ग्राम शहजादपुर निवासी 55 वर्षीय सुनील कुमार की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। सुनील कुमार ग्राम शहजादपुर में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत थे। उनकी अचानक हुई मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, सुनील कुमार अपनी भांजी की शादी में शामिल होने के लिए परिजनों के साथ ऋषिकेश स्थित अपनी बहन के घर गए हुए थे। बुधवार की रात्रि शादी समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। गुरुवार की सुबह सुनील कुमार शौच के लिए गए थे। इसी दौरान उन्हें अचानक हार्ट अटैक आ गया। परिजन उन्हें चिकित्सक के पास ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे, लेकिन चिकित्सक के पहुंचने से पहले ही उनका निधन हो गया। गुरुवार को सुनील कुमार का पार्थिव शरीर गांव शहजादपुर लाया गया। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। सुनील कुमार की पत्नी जूली और उनकी दो पुत्रियां सानवी एवं जानवी हैं। बड़ी पुत्री की उम्र लगभग 13 वर्ष है। पिता की असमय मौत से दोनों बेटियों और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

ब्राह्मण सभा की बैठक में प्रिया शर्मा के असामयिक निधन पर जताया गहरा शोक

हल्दौर (चिंगारी)। ब्राह्मण सभा हल्दौर की एक शोकसभा डॉ.प्रदीप दुबे के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक में ब्राह्मण सभा हल्दौर के महामंत्री अतुल गांधी की धर्मपत्नी प्रिया शर्मा के आकस्मिक एवं असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।



शोकसभा में वक्ताओं ने कहा कि प्रिया शर्मा बेहद शालीन, मिलनसार एवं सरल स्वभाव की महिला थीं। वह नगर के एक निजी विद्यालय में शिक्षिका के रूप में कार्यरत थीं, जहां अपने मधुर व्यवहार एवं प्रेमभाव के कारण सभी के बीच उनका विशेष सम्मान था। इसके साथ ही वह सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती थीं। उनके असमय निधन से परिवार के साथ-साथ समाज को भी अपूरणीय क्षति हुई है। इस दौरान उपस्थित सभी ब्राह्मण बंधुओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दु:ख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके उपरांत सभी ब्राह्मण बंधु एकत्र होकर अतुल गांधी के निवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। शोकसभा में डॉ.श्रीश शर्मा, प्रकाश पंकज, विनोद कुमार शर्मा, मास्टर विपिन शर्मा, डॉ.प्रदीप दुबे, दिनेश संख्यांक, संजीव मिश्रा, अमर द्विवेदी, संजय वशिष्ठ, प्रदीप शर्मा सहित अनेक ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे।

तमंचे और कारतूस के साथ, कार सवार गिरफ्तार



स्योहारा (चिंगारी)। पुलिस ने चैकिंग के दौरान तमंचे और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाल रंग की टाटा एल्ट्रोज कार भी बरामद की है। बुधवार की मध्यरात्रि एक बजे मुखबिर से सूचना मिली कि फव्वारा चौक से ठाकुरद्वारा मार्ग पर लाल रंग की टाटा एल्ट्रोज कार के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है, जिसके पास अवैध हथियार हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध की तलाशी ली। इस दौरान उसके पास से 32 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अभिषेक पुत्र बिशम्बर निवासी ग्राम रामनगर, थाना अफजलगढ़ बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे तमंचा, कारतूस और कार सहित गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष प्रवेश कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

सौपाल सिंह बने लोजपा के जिला उपाध्यक्ष



बिजनौर (चिंगारी)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला अध्यक्ष रामनाथ सिंह की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा ने किरतपुर रोड, बिजनौर निवासी सौपाल सिंह को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष सौपाल सिंह ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे।



मां-बेटी की मौत पर दु:ख जताया

चांदपुर (चिंगारी)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट के दावेदार डा. मूलचंद सैनी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सजला सैनी ने ग्राम अकबरपुर झोझा पहुंचकर ट्रक की टक्कर लगने से मां-बेटी की मौत पर दु:ख जताया तथा दुर्घटना में घायल लोगों का अपने अस्पताल में फ्री में उपचार करने की इच्छा जताई।

किसान सभा ने की स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने की मांग

चांदपुर (चिंगारी)। अखिल भारतीय किसान सभा ने स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू किये जाने सहित मांगों को लेकर राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम 9 सूत्रीय मांग -पत्र उपजिलाधिकारी चांदपुर को दिया। ज्ञापन में सभी फसलों को एमएसपी के दायरे में लाकर कानूनी गारंटी दिये जाने, बिजली कानून 2025 वापस लिए जाने, घरेलू व नलकूपों की बिजली की पुरानी स्थिति को बहाल किए जाने, सार्वजनिक क्षेत्रों को बेचना बंद किया जाए तथा बेचे गए क्षेत्रों को पुन: वापस लाये जाने, गेहूं, गन्ना, आलू आदि फसलों को बोने से पहले रेट घोषित किये जाने, प्रधानमंत्री सम्मान निधि को दुगना किये जाने, किसान की आयु 60 वर्ष होने पर उसको 5 हजार रूपए मासिक पेंशन दिये जाने, गन्ने का भाव 600 रूपये कुंतल घोषित किये जाने, मिलों में गन्ने की लूट को रोके जाने, गंगा नदी पर तटबंध बनाया जाए तथा चांदपुर-हस्तिनापुर मार्ग का चौड़ीकरण किये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में का अमर सिंह सैनी, का बदरूल हसन, ऋषिपाल सिंह, कुलदीप गुप्ता एडवोकेट, विरेन्द्र शर्मा, बाबू खां, मांगेराम,करन सिंह आदि शामिल थे।

भाजपा की संगठनात्मक बैठक में SSR पर चर्चा



बिजनौर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के बिजनौर स्थित पार्टी कार्यालय पर महिला मोर्चा की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में SSR को लेकर विशेष चर्चा हुई। साथ ही संगठन की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और पार्टी की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रश्मि रावल और भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी मौजूद रहे। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल सहित जिला कार्यसमिति के पदाधिकारी और सदस्य भी शामिल हुए।

रश्मि रावल ने कहा कि संगठन की मजबूती में महिला कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। सभी पदाधिकारी आपसी तालमेल के साथ पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ निभाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं। सभी पदाधिकारी पार्टी के कार्यक्रमों को समय पर पूरा करें और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करें। उन्होंने जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने पर भी जोर दिया।

महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल ने कहा कि महिला मोर्चा संगठन को मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है। सभी पदाधिकारी आगामी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। महिलाओं को संगठन से जोड़ना और पार्टी की विचारधारा को समाज तक पहुंचाना महिला मोर्चा की प्राथमिकता है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने संगठनात्मक कार्यों को पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। शोभा रानी, सुरभी सिंह, शारदा, डिम्पल सिंह, निधि वर्मा, किरन चौहान, सुनिता देवी, गुड्डी रावत, सरिता सैनी, प्रतिका राठी, रतिका अग्रवाल, पलक अग्रवाल, शीला राणा, रेखा यादव, बीना राणा, मोनिका कालरा, दीपिका गौड़, नेहा शर्मा, इन्दु राजपूत, संध्या शर्मा, कुसुम लता, सदभावना टिंकल, मंजू शर्मा, उमा कुमारी, यशस्वी, रीना त्यागी, मंजू राणा, ममता चौहान, रेनू राय, बीना, अनिता देवी, दीक्षा और बबीता रुहेला सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गन्ने के ट्रक से मरने वाली मां-बेटी के परिजनों को शुगर मिल ने मुआवजे के रूप में दिया 11 लाख का चैक



चांदपुर (चिंगारी)। धामपुर शुगर मिल प्रशासन ने गन्ने से लदे ट्रक की टक्कर लगने से मरने वाली मां-बेटी के परिजन को मुआवजे के रूप में 11 लाख रुपए का चैक दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कमलेश सैनी, तिलकराज सैनी, राष्ट्रीय सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद सैनी एडवोकेट, बबलू सैनी तथा विकास गुप्ता रॉकी ने पीड़ित परिवार के मुखिया रोहिताश को सहायता राशि का 11 लाख रूपए का चैक सौंपा और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

मालूम हो कि मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर झोझा निवासी नीलेश नारनौर घाट से गंगा स्नान कर अपने परिवार के साथ ट्रैक्टर-ट्राली से वापस अपने घर जा रहा था। चांदपुर-जलीलपुर रोड पर ग्राम अकबरपुर सीमली के पास गन्ने से लदे ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मार दी थी, ट्रक की टक्कर लगने से ट्रैक्टर-ट्राली में सवार विमलेश (35 वर्ष) व उसकी पुत्री निधि (8 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा नीलेश सहित 6 श्रद्धालु घायल हो गये थे। बुधवार को मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर चांदपुर-धनौरा रोड पर जाम लगा दिया था। मिल अधिकारियों के मृतक के परिजनों को 11 लाख रूपए का मुआवजा दिये जाने तथा घायलों का उपचार कराने के आश्वासन पर लगभग 6 घन्टे बाद जाम खुल पाया था।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खारा आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

संविधान दिवस पर छात्राओं ने ली शपथ

बिजनौर (चिंगारी)। रानी भाग्यवती महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. मंजु के निर्देशन में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अल्पना सिंह ने छात्राओं को संविधान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में डॉ. आबिदा ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में संविधान सर्वोच्च है। सभी व्यक्ति, संस्थाएं और कानून इसके अधीन कार्य करते हैं। वहीं, डॉ. मृदुल रानी ने छात्राओं को संविधान पढ़ने और अपने अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संविधान की जानकारी से व्यक्ति जागरूक नागरिक बनता है और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



भाजपा ने संविधान दिवस पर बाबा साहब को किया नमन

बिजनौर (चिंगारी)। संविधान गौरव दिवस के अवसर पर विकास भवन परिसर स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की ऐतिहासिक भूमिका और सामाजिक न्याय के प्रति उनके अतुलनीय योगदान एवं समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन और उनके विचार समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संविधान की गरिमा और मूल्यों को बनाए रखने तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला मंत्री विनोद राठी, पवन कुमार, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष पीयूष राज, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष शीशपाल, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग मोनू, राजीव वर्मा, अश्वनी शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



2200 छात्र-छात्राओं ने एक साथ किया संविधान की प्रस्तावना का पाठ

संविधान दिवस पर डी.डी.पी.एस. में 'एक स्वर एक संविधान' कार्यक्रम का आयोजन

बिजनौर (चिंगारी)। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को डी.डी.पी.एस. विद्यालय परिसर में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों पर 'एक स्वर एक संविधान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह-सप्तम की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में करीब 2200 छात्र-छात्राओं, न्यायिक, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने प्रात: 9 बजे एक साथ संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया और मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ ली।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। यह नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान करने के साथ ही राष्ट्र और समाज के प्रति उनके कर्तव्यों का भी बोध कराता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वाति चन्द्रा ने संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया और सभी को मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के तहत सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक जनपद के विद्यालयों में संविधान विषय पर क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालयों के लीगल लिटरेसी क्लब के सदस्यों को प्रधानाचार्यों द्वारा लीगल कैडेट कॉर्प्स घोषित किया गया। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुधीर कुमार सहित जनपद के न्यायिक, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



जमीन दिलाने के बहाने युवती को ले गया, कार के दरवाजे लॉक कर अश्लील हरकतें करने लगा

पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

बिजनौर (चिंगारी)। कथित प्रॉपर्टी डीलर द्वारा एक युवती को जमीन दिलाने के बहाने कार में अपने साथ ले जाने और कार के दरवाजे लॉक कर उसके साथ अश्लील हरकतें करने तथा जबरन संबंध बनाने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली शहर के एक मोहल्ले की निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 नवंबर की रात करीब साढ़े नौ बजे अर्नव चौधरी उर्फ अर्नव सिंह ने उसे व्हाट्सएप कॉल की। खुद को प्रॉपर्टी डीलर बताते हुए जमीन दिलाने के संबंध में जरूरी बातचीत करने का बहाना बनाया। उसकी बातों में आकर युवती आरोपी की कार में बैठ गई। आरोप है कि कार में बैठते ही युवक ने दरवाजे लॉक कर दिए और युवती की मर्जी के खिलाफ उसे सुनसान इलाके में ले गया। वहां पहुंचकर आरोपी अश्लील बातें और अभद्र टिप्पणियां करने लगा। विरोध करने के बावजूद उसने युवती के निजी अंगों को जबरन छुआ और कपड़े खींचकर अनैतिक संबंध बनाने का प्रयास किया। युवती ने हिम्मत दिखाते हुए विरोध किया और किसी तरह आरोपी के चंगुल से निकलकर वहां से बचकर आई।

पीड़िता ने तहरीर में आरोप लगाया कि घटना के बाद युवक ने पुलिस में शिकायत करने पर उसे और उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। युवती के अनुसार, रात करीब 10.30 बजे आरोपी की मां भी नूरपुर रोड स्थित खेम सिंह कॉलोनी के पास पेट्रोल पंप पर पहुंची। उसने बेटे की हरकत पर माफी मांगते हुए कानूनी कार्रवाई नहीं करने की बात कही। कोतवाली शहर पुलिस ने आरोपी अर्नव चौधरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 79, 75(2), 74 और 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

राजस्व भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के ख़िलाफ़ होगी कार्रवाई

बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही चकबंदी कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूरा कराने को कहा। डीएम ने चकबंदी से संबंधित लंबित वादों की समीक्षा करते हुए उनके निस्तारण के लिए समय-सीमा निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों और काश्तकारों को चकबंदी प्रक्रिया में अनावश्यक परेशानी न हो तथा उनकी समस्याओं और आपत्तियों का समयबद्ध समाधान किया जाए। बैठक में बताया गया कि जनपद के 16 ग्रामों में चकबंदी का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने सभी गांवों में कार्यों की नियमित समीक्षा कर निर्धारित मानकों के अनुसार समय से पूरा कराने तथा अभिलेखों की शुद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने चकबंदी अधिनियम की धारा-6 सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सहित चकबंदी विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



नक़दी, जेवर, गैस सिलेंडर चोरी करने वाला गिरफ़्तार

बिजनौर (चिंगारी)। थाना कोतवाली शहर पुलिस ने घर से नकदी, चांदी के जेवर और गैस सिलेंडर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया गैस सिलेंडर झाड़ियों से बरामद किया है। साथ ही उसके कब्जे से चांदी और पीली धातु के जेवर भी मिले हैं।

आरोपी पर पहले से दर्ज हैं चार मुक़दमे

सीओ सिटी अभय कुमार पांडे ने बताया कि मोहल्ला जाटान स्थित पत्थरों वाला कुआं निवासी सुमित कुमार ने 25 नवंबर को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 23 नवंबर को मोहल्ला मिर्दगान निवासी राजा पुत्र मोईन ने उसके घर में चोरी की थी। आरोपी घर से 16 हजार रुपये नकद, करीब 25 हजार रुपये कीमत के चांदी के जेवर और भरा हुआ गैस सिलेंडर चोरी कर ले गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।

बृहस्पतिवार को पुलिस ने आरोपी राजा को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पाजेब, दो जोड़ी बिछुए, कड़ा, सिका, नग लगी अंगूठी और हाथ की चेन के अलावा पीली धातु की एक चेन बरामद हुई। वहीं, आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया गैस सिलेंडर झाड़ियों से बरामद किया गया।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ चोरी और बरामदगी के चार पुराने मुकदमे भी दर्ज हैं।

लोकतंत्र की मजबूती के लिये संविधान की रक्षा जरूरी- मनोज पारस

समाजवादी पार्टी ने मनाया संविधान दिवस

बिजनौर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर संविधान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने की तथा संचालन जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव ने किया। मुख्य अतिथि नगीना विधायक मनोज पारस रहे। जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि भारतीय संविधान देश की आत्मा है। यह प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के मुद्दे पर लड़ा जाएगा।

विधायक मनोज पारस ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को समानता का अधिकार दिलाया। संविधान प्रत्येक नागरिक के सम्मान और अधिकारों की सुरक्षा का आधार है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए संविधान की रक्षा जरूरी है।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, हेमंत कुमार, सत्यपाल सिंह, सुखबीर ठेकेदार, कमलेश भुईयार, अखलाक पप्पू, चौधरी दारा सिंह, प्रभा चौधरी, डॉ. जमीरुद्दीन उस्मानी, महमूद कस्सार, डॉ. योगेंद्र चौधरी, सुहेल बाकर, शहजाद आलम अंसारी, जीशान आलम, ठाकुर योगेंद्र सिंह, मनोज राजपूत, शाहिद कस्सार, महेंद्र सिंह आजाद, अशोक आर्य, सरफराज अंसारी आदि मौजूद रहे।



कार पर फ़ायरिंग का आरोपी गिरफ़्तार

बिजनौर (चिंगारी)। थाना कोतवाली शहर बिजनौर पुलिस ने कार पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 12 बोर का तमंचा भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 17 नवंबर को जलालपुर छोइया उर्फ इस्लामपुर नीमदास निवासी प्रिंस कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सड़ियापुर निवासी ईशू डोडवाल काले रंग की स्कॉर्पियो से आया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि इसके बाद उसने जान से मारने की नीयत से प्रिंस कुमार की स्विफ्ट कार पर फायरिंग कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुष्कर उर्फ ईशू डोडवाल निवासी सड़ियापुर को गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आयुध अधिनियम की धारा की बढ़ोतरी करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

विवेक विश्वविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

संविधान की उद्देशिका को किया आत्मसात

बिजनौर (चिंगारी)। स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, विवेक विश्वविद्यालय में गुरुवार को संविधान दिवस के अवसर पर शिक्षकों और छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ लेकर संविधान की उद्देशिका को आत्मसात किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. नरेश गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. हितेश शर्मा, डीन डॉ. राजीव कुमार चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती पूजन करके किया गया। कार्यक्रम में बी.ए. एलएल.बी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा जानवी ने संविधान दिवस के इतिहास और भारतीय संविधान की विशेषताओं के बारे में प्रकाश डाला। अनमता और सुगंधा ने संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों एवं दायित्वों के बारे में नाट्य प्रस्तुति दी। डीन डॉ. राजीव कुमार चौधरी ने राष्ट्रीय परिस्थितियों के परिवर्तन पर संविधान की संशोधन प्रक्रिया को संविधान का महत्वपूर्ण पक्ष बताया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा जोशी, डॉ. सुरेश कुमार, विवेक कुमार, प्रमोद त्यागी, विक्रांत कुमार, बृजपाल सिंह, निर्देश कुमार, कंचन, फिजा, प्रिया शर्मा आदि शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



पूरन हत्याकांड में मुख्य आरोपी गिरफ़्तार



नूरपुर (चिंगारी)। कस्बे के मोहल्ला गांधी नगर में मंगलवार की रात समय करीब 9 बजे जमीनी विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में अरविंदर सिंह पूरन (37) निवासी ग्राम रोशनपुर राहूनंगली की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। घटना के सम्बंध में मृतक के भाई गुरचरन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गुरदेव सिंह, रजत सिंह पुत्रगण समरजीत सिंह, समरजीत सिंह पुत्र बाबू सिंह, मंजीत पंवार, हरविंदर सिंह, परवेंद्र सिंह, सरजीत सिंह पुत्रगण गुरचरन सिंह को नामजद करते हुए दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष त्रिवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने बृहस्पतिवार को घटना के वांछित मुख्य आरोपी हरविंदर सिंह निवासी ग्राम राहूनंगली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला ए कत्ल चाकू भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष त्रिवेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक यशवीर सिंह व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

मरियम स्कूल के छात्रों ने देखा साइंस म्यूजियम और हुमायूं का मकबरा



किरतपुर (चिंगारी)। मंडावर रोड स्थित मरियम हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं का एक शैक्षिक भ्रमण टूर दिल्ली पहुंचा। इस दौरान विद्यार्थियों ने नेशनल साइंस म्यूजियम और ऐतिहासिक हुमायूं के मकबरे का भ्रमण किया। नैशनल साइंस म्यूज़ियम में छात्र-छात्राओं ने साइंस से जुड़े विभिन्न मॉडल, उपकरणों और प्रदर्शनों को करीब से देखा। उन्होंने साइंस आविष्कारों, नई तकनीकों और उनके दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। वहीं, ऐतिहासिक हुमायूं के मकबरे पर पहुंचकर विद्यार्थियों ने इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने साइंस और इतिहास को किताबों से बाहर निकलकर करीब से समझा। इस तरह के भ्रमण से बच्चों के ज्ञान में वृद्धि होने के साथ-साथ उनमें नई चीजें सीखने और ऐतिहासिक धरोहरों को जानने की रुचि भी विकसित होती है। विद्यालय प्रबंधक मरियम साईम ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक, ऐतिहासिक और वैज्ञानिक जानकारी से भी जोड़ना है।

पिपलेश्वर शनि मंदिर की वर्षगांठ पर होगा हवन-पूजन और भंडारा



बिजनौर (चिंगारी)। पंजाबी कालोनी, सिविल लाइंस, बिजनौर स्थित श्री पिपलेश्वर शनि मंदिर की 9वीं वर्षगांठ कल शनिवार 28 नवम्बर को श्रद्धापूर्वक मनाई जायेगी। श्री सनातन धर्म रामकृष्ण मंदिर के सचिव/प्रबंधक सदानंद खेड़ा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कल पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक शनिदेव पूजन, हवन, आरती, प्रसाद वितरण होगा। दोपहर 12 बजे भण्डारा शुरू होगा। मुख्य यजमान संजीव मदान होंगे। सदानंद खेड़ा सहयजमान रहेंगे। यह कार्यक्रम वरूण खेड़ा अध्यक्ष पिपलेश्वर शनि मंदिर एवं अर्पित अग्रवाल कोषाध्यक्ष की देखरेख में आयोजित किया जायेगा।

जनगणना जागरण के लिए हुआ रंगोली का आयोजन



किरतपुर (चिंगारी)। जनगणना 2027 कार्यक्रम के अंतर्गत अधिशासी अधिकारी श्रीमती मेघा गुप्ता के निर्देशन में मुस्लिम इंटर कॉलेज किरतपुर में एक प्रेरक रंगोली का निर्माण किया गया, जिसके माध्यम से आम जनमानस को जनगणना 2027 के बारे में विस्तार से बताया गया। रंगोली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनगणना प्रभारी जेपी यादव उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डिजिटल माध्यम से जनगणना का कार्य चल रहा है जिसके अंतर्गत 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्व गणना तथा एक दिसंबर से 4 जनवरी तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनगणना का कार्य किया जायेगा। अपर जिला अधिकारी महोदय द्वारा सुंदर एवं मोटिवेशनल रंगोली निर्माण हेतु नौशाद अख्तर एवं कुमारी अल्फरहा को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। अधिशासी अधिकारी श्रीमती मेघा गुप्ता एवं सहायक जनगणना अधिकारी ज्ञानेश्वर द्वारा जनगणना प्रभारी जेपी यादव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनर दीपक सलूजा, अजहर जमाल, रजत रस्तौगी एवं श्रीमती पूनम गर्ग, मुस्लिम इंटर कॉलेज के समस्त अध्यापक, नगर पालिका परिषद किरतपुर के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

वाहन नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कोतवाली शहर बिजनौर ने 01 चार पहिया, 02 ई-रिक्शा एवं 72 दो पहिया वाहन, कुल 75 वाहनों की नीलामी दिनांक 30/11/26 दिन सोमवार दोपहर 12:00 बजे थाना कोतवाली शहर के प्रांगण में होगी।

आज्ञा से

थाना प्रभारी निरीक्षक,
थाना कोतवाली शहर, बिजनौर

कार्यालय नगर पंचायत झालू, जनपद-बिजनौर

पत्रांकः- 678/न.पं.झालू/2026-27 **दिनांकः- 25/11/2026**

ई-निविदा सूचना

शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत झालू, जनपद बिजनौर को डमपसाईट पर एकत्रित 4000 मैट्रिक टन लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु राज्य मिशन निदेशालय उ.प्र. के पत्र संख्याः - पी.एम.यू. 1452/589/2025/दिनांक 25 जून, 2026 एवं पत्र संख्या : पी.एम.यू./1908/589/2025 लखनऊ : दिनांक 18 सितम्बर, 2026 के अनुपालन में मॉडल आर.पी.एफ.पी. के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से कार्य कराना चाहती है। जिसके लिये दिनांक 25.11.2026 को अपराह्न 02:00 बजे से दिनांक 05.12.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो कि दिनांक 05.12.2026 को ही अपराह्न 03:00 बजे खोली जायेगी। ई-निविदा से सम्बंधित कोई भी जानकारी कार्य दिवस में निकाय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी में निहित है तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

(आशुतोष रामप्यारे जैसवाल) अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत झालू, जनपद-बिजनौर

(लोकेन्द्र चौधरी) अध्यक्ष, नगर पंचायत झालू, जनपद-बिजनौर

हलचल म्यूजिकल सोसाइटी की कार्यकारिणी गठित



हलचल म्यूजिकल सोसाइटी की वार्षिक बैठक में शामिल पदाधिकारी।

नगीना (चिंगारी)। हलचल म्यूजिकल सोसाइटी की वार्षिक बैठक में कार्यकारिणी का गठन हुआ। सर्वसम्मति से लगातार तीसरी बार डॉ.अंजू बिश्नोई को अध्यक्ष व ऋतु गर्ग को महासचिव चुना गया, जबकि नीतू मित्तल को संगठनमंत्री का दायित्व सौंपा गया।

स्थानीय काशीनाथ मेमोरियल हॉल में नगर में संगीत कार्यक्रमों के आयोजन की एकमात्र संस्था हलचल म्यूजिकल सोसाइटी की वार्षिक बैठक हुई। सोसाइटी

डॉ. अंजू विश्नोई तीसरी बार बनीं अध्यक्ष

द्वारा संगीत कार्यक्रमों के साथ सोसाइटी के वर्ष 2027-28 के लिये सम्पन्न हुए कार्यकारणी के चुनाव में पुष्पा लाहौटी, सीके सिंह, कृष्णा अग्रवाल, आशा माहेश्वरी, शीतल अग्रवाल(संरक्षक मंडल) की देखरेख में संम्पन्न हुआ। चुनाव में लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से डॉ.अंजू बिश्नोई को अध्यक्ष व ऋतु गर्ग को महासचिव चुना गया, जबकि संगठनमंत्री के पद पर नीतू मित्तल को चुना गया। इसके अतिरिक्त स्वाति अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, स्वाति जैन व कमलनी अग्रवाल को सचिव, मीनाक्षी मलिक व लवली अग्रवाल को उपाध्यक्ष, गीता माहेश्वर को प्रचार मंत्री चुना गया। बैठक में मशहूर शायर डॉ. आलमगीर काज़मी व गणपति सेवा मंडल के अध्यक्ष पवन कंबोज को सदस्यता प्रदान की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सोसायटी द्वारा आगामी पांच जनवरी को नई कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह एवं हलचल म्यूजिकल अवार्ड का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सोसाइटी की संरक्षिका पुष्पा लाहोटी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। आशा माहेश्वरी की अध्यक्षता व सुशील गुप्ता के संचालन में सम्पन्न हुई बैठक में विशाखा मित्तल, मधु गिल्होत्रा, केके विश्नोई, जितेंद्र सैनी, नीरू बैरी, तनु बेरी, स्वाति गुप्ता,अन्नू अग्रवाल, गौरव विश्नोई ने भाग लिया।

सेंट पीटर्स स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस



किरतपुर (चिंगारी)। सेंट पीटर्स स्कूल में कल संविधान दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक प्रभावशाली स्किट के माध्यम से भारतीय संविधान के महत्व, उसके मूल्यों एवं नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में भारतीय संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर के अतुलनीय योगदान को विशेष रूप से दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय के माध्यम से बाबा साहेब के विचारों, समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस विशेष प्रस्तुति का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक करना तथा उनमें संवैधानिक मूल्यों और अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम ने सभी को संविधान की गरिमा और उसके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

संक्षेप में

ट्यूबवेलों में नकब लगाकर स्टार्टर और केबल चोरी किये

नूरपुर (चिंगारी)। बुधवार की रात गांव अस्करीपुर में ने चोरों ने तीन ट्यूबवेल की कोठरियों को निशाना बनाते हुए स्टार्टर और केबल चोरी कर लिए। सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों को घटना की जानकारी हुई। बता दें कि चोरों ने गांव अस्करीपुर निवासी विमल सिंह, रवेंद्र सिंह, मनमोहन सिंह के ट्यूबवेल की कोठरियों में नकब लगाकर चोरों ने अंदर रखे स्टार्टर और केबल चोरी कर लिए।

शादी में गया था, बाइक चोरी हो गई

नूरपूर (चिंगारी)। जनपद मुरादाबाद के थाना क्षेत्र कांठ के गांव साहूपुर कोठी खिदमतपुर निवासी क़ासिम पुत्र नाजिर गत 23 नवम्बर को ग्राम इस्माइलपुर में अपने साथी इरफ़ान के साथ पल्सर बाइक द्वारा वैवाहिक कार्यक्रम में आया था। वह बाइक खड़ी करके खाना खाने के लिये अंदर चला गया। जब वह करीब 3.30 बजे वापस आया तो बाइक गायब देखकर उसके होश उड़ गए। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

सैनी परिवार के सदस्यों की मौत पर शोक

बिजनौर (चिंगारी)। महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी बिजनौर की एक शोक सभा मोहल्ला भरत विहार में सूरजमल सैनी के आवास पर हुई। शोक सभा में गत दिनों नांगल सोती गंगा स्नान मेले में नजीबाबाद निवासी सैनी परिवार के तीन सदस्यों की डूबने से हुई मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में यह तय किया गया कि एक शिष्ट मंडल पीड़ित परिवार से मिल कर अपनी संवेदना व्यक्त करेगा। शोक सभा में कल्याण सिंह सैनी, राजपाल सैनी, अनिल सैनी, सूरजमल सैनी, डॉक्टर शिवराज सैनी, देवेंद्र सैनी, मास्टर इंद्रपाल सैनी, मोहित सैनी, शिवकुमार सैनी, तेजपाल सैनी, डॉक्टर अंकित कुमार सैनी, डॉक्टर अमर सिंह सैनी उपस्थित रहे।

भाषा की मर्यादा न भूलें इमरान मसूद प्रभावित होता है गठबंधन का वजूद

अफज़लगढ़ (चिंगारी)। आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर छिड़ी ज़ुबानी जंग अब तेज हो गई है।



बृहस्पतिवार को नजीबाबाद के सपा के वरिष्ठ नेता अनवर खां मनसूब ने अफज़लगढ़ में वफ़ा हाउस पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के हालिया बयानों पर कड़ी नाराजगी जताई। अनवर खां मनसूब ने नसीहत देते हुए कहा कि इमरान मसूद एक अच्छे राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखते हैं, इसलिए उन्हें बातचीत करते समय शब्दों की तहज़ीब और भाषा की मर्यादा का पूरा ख्याल रखना चाहिए। अनवर खां मनसूब ने कहा कि उनके बयानों से ऐसा लगता है जैसे वह कांग्रेस को मजबूत करने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दोनों दल छोटे-बड़े भाई की तरह हैं और नेताओं को इस तरह बयानबाजी नहीं करनी चाहिए, जैसे दो भाई प्रॉपर्टी के बंटवारे पर लड़ते हैं। इस अवसर पर सिकंदर हुसैन खां, मौहम्मद फहीम, कामरेड मौहम्मद असलम, इसमरान वफ़ा, सीताराम एडवोकेट, अब्दुल समी सैफी आदि मौजूद थे।

गंगा घाट पर चलाया सफाई अभियान



नांगल सोती (चिंगारी)। मेलास्थल पर दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गई प्लास्टिक पन्नियों, पत्तलों एवं अन्य गंदगी की आज सफाई कर्मचारियों ने अभियान चलाकर सफाई की। 24 एवं 25 नवंबर को आयोजित हुए दो दिवसीय मेले के समापन के बाद मेलास्थल पर दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्लास्टिक पन्नियों, भोजन की पत्तलों, गिलासों, बचे भोजन तथा अन्य फेंके गये सामान के रूप में काफी गंदगी छोड़ दी गई थी। यह गंदगी गंगा की धारा में पहुंचकर उसकी निर्मलता एवं पवित्रता को प्रभावित न करे, इसके लिये आज नजीबाबाद ब्लॉक के 29 सफाई कर्मचारियों ने वहां पहुंचकर मेलास्थल की सफाई की। वहां डाले/फेंके गये वेस्ट मैटेरियल को जगह-जगह इकट्ठा कर उसका यथोचित निस्तारण किया गया।

भारतीय किसान संघ की रीति-नीति के अनुसार चलायेंगे सदस्यता अभियान



किरतपुर (चिंगारी)। कल भारतीय किसान संघ खंड किरतपुर की ग्राम कसौर निवास स्थान कुलदीप सिंह के यहां दोपहर 2 बजे मीटिंग आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह (शाहपुर सुक्खा) ने की तथा संचालन जिला सहमंत्री बलराम सिंह ने किया। बैठक में संगठन की रीति-नीति के अनुसार सदस्यता का लक्ष्य निर्धारित करते हुए अधिक से अधिक ग्राम समितियों का गठन करने एवं प्रत्येक न्याय पंचायत तक संगठन को पहुंचाने और सभी कार्यकर्ताओं को अपना-अपना लक्ष्य निर्धारित कर सदस्यता अभियान को पूर्ण करने का संकल्प दिलाया गया तथा कार्यकर्ताओं को बुक दी गई। बैठक में वयोवृद्ध धर्मपाल सिंह (पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा), जिला सह मंत्री बलराम सिंह, वेदप्रकाश, चन्द्रपाल सिंह, खंड पालक नजीबाबाद, कामेन्द्र सिंह, अजयपाल सिंह, कुलदीप, मा. बिजेन्द्र पाली, कुलवीर सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में उठा नगीना रोड की दुर्दशा का मुद्दा



बिजनौर (चिंगारी)। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सभी उपस्थित सदस्यों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी विषयों को गंभीरता, पारदर्शिता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सुना। बैठक में प्रमुख मुद्दा शक्ति चौराहे से बीकेआईटी तक अत्यंत जर्जर मार्ग के पुनर्निर्माण का रहा। संबंधित पीडब्ल्यूडी अधिकारी द्वारा पूरी जानकारी उपलब्ध न करा पाने पर जिलाधिकारी अधिशासी अभियंता (XEN) को तत्काल तलब किया। जिलाधिकारी बिजनौर से होकर गुजरने वाले दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों को जनपद के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इनके निर्माण से बिजनौर में विकास एवं औद्योगिक प्रगति के नए अवसर खुलेंगे। औद्योगिक विकास के संबंध में उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी उद्योग की NOC अनावश्यक रूप से लंबित न रखी जाए। उद्योगों की स्थापना एवं संचालन में प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल, उत्तर प्रदेश की ओर से जिला महामंत्री मुनीश त्यागी, प्रांतीय संगठन मंत्री बी.एस. राजपूत एवं वरिष्ठ सलाहकार डॉ. जमीरउद्दीन उस्मानी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

डीएम ने एक्सईएन को तलब किया



राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

शनिवार, 28 नवम्बर 2026

मेष- आज दिन 7/23 बजे तक भाग्योन्नति, रचनात्मक कृत्यों से यश की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, शेष समय में दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, आय में न्यूनता।

वृषभ- आरोग्य सुख की प्राप्ति, पराक्रम से आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में अनुकूलता, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, वाहन से सुख।

मिथुन- कार्य व्यापार में विस्तार, राजकीय पक्ष से सहयोग, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, दाम्पत्य जीवन में सुख शांति का समय।

कर्क- आज दिन 7/23 बजे तक कार्यों में बाधा, बात-बात पर क्रोध, एकाग्रता का अभाव, अशांति शेष समय में अकल्पित लाभ का सुयोग, स्वयं का निर्णय लाभप्रद।

सिंह- आज दिन 7/23 बजे तक विविध पक्षों में अनुकूलता, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति, संतान पक्ष से चिन्ता कुछ कम, शेष समय आशा के विपरीत, पारिवारिक उलझनें।

कन्या- अधूरे या नवकार्य प्रगति की ओर पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सफल, स्वाध्याय की ओर रुचि, अधीनस्थ सहयोगियों की गतिविधियों से प्रसन्नता।

तुला- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, कुछेक समस्याएं आपके पक्ष में सुलझने की ओर श्रेष्ठ, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, विवादास्पद मसला हल, मनोविनोद के अवसर।

वृश्चिक- आज दिन 7/23 बजे तक स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, वैचारिक अस्थिरता, धन संचय में व्यवधान भी, शेष समय सफलता में सहायक, सोचे हुए कार्य सफल।

धनु- आज दिन 7/23 बजे तक दिनमान अनुकूल महत्वपूर्ण योजना पर कार्यारम्भ, वैमनस्यता का समापन, शेष समय में प्रतिकूलता, कार्यक्षमता में कमी की अनुभूति।

मकर- समझदारी से किया गया कार्य व लिया गया निर्णय लाभदायक, वैमनस्यता का समापन, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, संतान पक्ष का उत्कर्ष।

कुम्भ- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, कठिनाइयों के निराकरण हेतु नवप्रयास सार्थक, धन संचय की ओर रुचि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय।

मीन- आज दिन 7/23 बजे तक लाभ में कमी, धन हानि की आशंका, कर्ज के अदायगी की चिन्ता, शेष समय में शारीरिक सुख में वृद्धि, सद्विचारों के उदय से शांति।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

टिकट के दावेदारों शुरू कर दिया खर्चा, तेज होती जा रही चुनाव की चर्चा

पता नहीं किसे मिलेगा टिकट का पर्चा

-नौशाद मुल्तानी

नजीबाबाद (चिंगारी)। विधानसभा चुनावों में अब मात्र कुछ ही समय बाकी रहने के कारण मुख्य पार्टियों से टिकट के दावेदार लगातार खर्चा करने में जुट गये है। जिससे चुनाव की चर्चा तेज होती जा रही है। कई पार्टियों से टिकट के दावेदारों के कैम्प कार्यालयों में लोगों की भीड़ अभी से जुटने लगी है। टिकट किसे मिलेगा किसे नहीं यह तो चुनाव घोषित होने व पार्टियों द्वारा प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद ही पता चल पाएगा। मगर टिकट दावेदारों के समर्थकों को काम, नाश्ता व दावत अभी से मिलनी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 जनवरी-फरवरी महीने में होना निर्धारित है। विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने में अब मात्र करीब सवा महीने का समय बाकी रह गया है। जनवरी के प्रथम सप्ताह में चुनाव का बिगुल बज जाएगा। नजीबाबाद विधानसभा में खासकर भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ने व टिकट हासिल करने के लिए दावेदार की काफी लम्बी फेहरिस्त है। भाजपा के साथ आजाद समाज पार्टी व समाजवादी पार्टी के टिकट के दावेदारों पिछले काफी महीनों से चुनाव प्रचार में जुट हुए है। टिकट के सभी दावेदारों ने अब अपना चुनाव प्रचार काफी तेज करते हुए टिकट हासिल करने के लिए जोड़तोड़ शुरू कर अपनी-अपनी गोटियां बिछानी शुरू कर दी। नजीबाबाद विधानसभा में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी-कांग्रेस गठबंधन, आजाद समाज पार्टी व एआईएमआईएम गठबंधन से चुनाव लड़ने के लिए टिकट के काफी दावेदार मैदान में हैं। जबकि पिछले तीन चुनाव से नजीबाबाद विधानसभा में दो बार सपा व एक बार बसपा की भाजपा से टक्कर हुई है तथा सपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की है। भाजपा प्रत्याशी दूसरे नम्बर पर रहा है। अधिकांश टिकट के दावेदार सपा-कांग्रेस गठबंधन, भाजपा, आसपा-एआईएमआई गठबंधन से टिकट लेने के इच्छुक है। इन तीनों पार्टियों के दावेदारों ने नजीबाबाद विधानसभा में जनसम्पर्क के साथ फ्लेक्सी व दीवारों पर अपना चुनाव प्रचार पूरी तरह से लिखवा दिया है।



समर्थकों को काम, नाश्ता व दावत अभी से मिलनी शुरू

नजीबाबाद के मुख्य मार्गों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों तथा खासकर फ्लाईओवरों के ऊपर व नीचे दीवारों पर भाजपा, आसपा व सपा दावेदारों के बड़ी संख्या में पेंटिंग के साथ फ्लेक्सी बोर्ड लगे हुए है। सभी दावेदार विधानसभा के गांवों तथा शहर के मौहल्लों में जाकर अपने-अपने समर्थकों से मिलने के बहाने लोगों से मुलाकात कर उनसे काफी हमदर्दी जता रहे है। भाजपा व आसपा के टिकट के कई दावेदारों ने अपने कैम्प कार्यालय खोल दिये है। उनके कैम्प कार्यालयों में उनके काफी समर्थकों को काम मिलने के साथ अब नाश्ता व कभी-कभी दावत भी मिलनी शुरू हो गई है। जिससे कैम्प कार्यालयों पर दावेदारों के समर्थकों की अभी से भीड़ जुटनी शुरू हो गई। कैम्प कार्यालय पर दावेदारों के आने से पहले ही लोग अपना उल्लू सीधा करने के लिए पहुंच जाते है। दावेदार भी चुनाव में अभी समय देखते हुए कुछ ही घंटों के लिए अपने कार्यालयों पर बैठते है इसके बाद वह अपनी टीम के साथ क्षेत्रों में निकल जाते है। जिससे टिकट से पहले ज्यादा पैसा न खर्च करना पड़े। एआईएमआईएम से नजीबाबाद विधानसभा अध्यक्ष पूर्व प्रधान आफताब अंसारी टिकट के दावेदार है। जबकि यह सीट गठबंधन में आसपा को जाने की प्रबल संभावना है।

नजीबाबाद विधानसभा का 2012 से 2022 तक का परिणाम

विधानसभा चुनाव-2012

बसपा प्रत्याशी तसलीम अहमद-62713
भाजपा प्रत्याशी राजीव अग्रवाल-51130
रालोद प्रत्याशी अबरार आलम-30885

विधानसभा चुनाव-2017

सपा प्रत्याशी तसलीम अहमद 81082
भाजपा प्रत्याशी राजीव अग्रवाल-79080
बसपा प्रत्याशी जमील अंसारी 45074

विधानसभा चुनाव 2022

सपा प्रत्याशी तसलीम अहमद 102675
भाजपा प्रत्याशी भारतेंद्र सिंह 78905
बसपा प्रत्याशी शाहनवाज आलम 44727

भारतीय जनता पार्टी से टिकट के दावेदार

पूर्व प्रत्याशी राजीव अग्रवाल
ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल
राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल
धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन लीना सिंघल
व्यापारी लवी अग्रवाल
उद्योगपति तरूण राजपूत
वरिष्ठ कार्यकर्ता विक्रम सिंह खोबे
भाजपा सभासद इरशाद अहमद
बिजनौर के पूर्व चेयरमैन डॉ. नवनीत गर्ग
क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर

आजाद समाज पार्टी से टिकट के दावेदार

नजीबाबाद चेयरमैन इंजी. मुअज्जम
साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी
फहीम अंसारी एडवोकेट
संस्थापक सदस्य मकसूद चौधरी
इंजीनियर मनोहर लाल

समाजवादी पार्टी से टिकट के दावेदार

विधायक हाजी तसलीम अहमद
वरिष्ठ नेता मौ. फुरकान खान
पूर्व जिलामहासचिव डॉ. महमूद अहमद भोलू
पूर्व सपा जिलाध्यक्ष जमील अंसारी
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हाजी रफीक अंसारी
साहनपुर के पूर्व चेयरमैन मेराज अहमद

शक्ति मित्तल ने युवाओं के वोटर आईडी बनवाने हेतु कैम्प आयोजित किया

चांदपुर (चिंगारी)। युवा भाजपा नेत्री शक्ति भारद्वाज मित्तल की ओर से ग्राम खानपुर में नए वोटर आईडी कार्ड बनवाने हेतु विशेष पंजीकरण कैंप का आयोजन कराया गया। कैंप में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं एवं अन्य पात्र नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर शक्ति भारद्वाज मित्तल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक योग्य नागरिक की भागीदारी से सुनिश्चित होती है। प्रत्येक पात्र युवा एवं नागरिक को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक होना चाहिए और मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराना चाहिए। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र का कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। वहीं दूसरी ओर नगर के मुहल्ला गोकुल नगर में मतदाता जोड़ों अभियान के अन्तर्गत मतदाता सूचियों का अवलोकन किया गया तथा नये पात्र मतदाताओं का नाम जुड़वाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर शक्ति भारद्वाज मित्तल, अरविन्द कुमार पप्पू चैयरमैन, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चौ सुधीन्द्र सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, मुनेश कुमार, अनिरुद्ध मित्तल,आशू गोयल आदि मौजूद रहे।



संविधान के मूल्यों को प्रत्येक नागरिक आत्मसात करे : सुनील कुमार शर्मा

लॉ कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

धामपुर (चिंगारी)। जे.के. मॉडर्न लॉ कॉलेज, धामपुर में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडवोकेट सुनील कुमार शर्मा (अध्यक्ष, रीजनल बार एसोसिएशन, बिजनौर) एवं विशिष्ट अतिथि एल.पी. शर्मा ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन जितेंद्र कुमार चौहान एवं चेयरपर्सन श्रीमती कनक चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में एडवोकेट सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत नींव है। प्रत्येक नागरिक को संविधान में निहित समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं बंधुत्व के मूल्यों का सम्मान करते हुए अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एल.पी. शर्मा ने संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संविधान के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के चेयरमैन जितेंद्र कुमार चौहान ने कहा कि संविधान दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संविधान के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का अवसर है। चेयरपर्सन श्रीमती कनक चौहान ने कहा कि विधि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक अच्छा अधिवक्ता बनाने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनाना भी है।



खाली पड़े प्लाटों में उगी झाड़ियां कटवायें वार्ड की सुंदरता नष्ट होने से बचायें

वार्ड पार्षद ने की मेयर से मांग

कोटद्वार (चिंगारी)। नगर निगम के अंतर्गत वार्ड संख्या 31 पदमपुर मोटाढाक के पार्षद सौरभ नौडियाल ने निगम के वार्डों में खाली पड़े प्लाटों में उगी झाड़ियों के कटान के लिए प्लाट स्वामियों को नोटिस देने की मांग की है। कहा कि प्लाटों में उगी झाड़ियों के कारण क्षेत्र की सुंदरता प्रभावित हो रही है, साथ ही झाड़ियों में जंगली जानवरों के छुपने का भय भी बना हुआ है। इस संबंध में नगर आयुक्त पीएल शाह को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में निगम के लगभग सभी वार्डों में लोगों ने जमीनें खरीदकर प्लाटिंग कर छोड़ी हुई हैं। लंबे समय से प्लाट की देखरेख न होने के कारण वहां पर झाड़ियां उग आई हैं, जिससे क्षेत्र की सुंदरता तो प्रभावित हो ही रही है, साथ ही झाड़ियों में जंगली जानवरों के छुपने की आशंका भी बनी हुई है। ऐसे प्लाटों को चिन्हित कर प्लाट स्वामियों को निर्धारित समय के अंदर झाड़ी कटान करने के लिए नोटिस जारी किया जाना चाहिए साथ ही निर्धारित समय पर प्लाट में उगी झाड़ी को न काटने और ऐसी स्थिति में निगम द्वारा झाड़ी कटान का कार्य किए जाने पर इसका व्यय प्लाट स्वामी से ही वसूले जाने की चेतावनी भी दी जानी चाहिए।

डॉ. प्रेमचन्द ने सीएम को बताई बापूग्राम वन भूमि की समस्या



ऋषिकेश (चिंगारी)। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ऋषिकेश विधानसभा आगमन पर एम्स हेलीपैड में उनकी अगवानी एवं स्वागत किया। इस दौरान डॉ. अग्रवाल ने बापूग्राम वन भूमि प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री से पुन: वार्ता की और क्षेत्रवासियों की समस्या के समाधान का आग्रह किया। डॉ. अग्रवाल ने मुख्यमंत्री के समक्ष बापूग्राम, मीरा नगर, 20 बीघा, शिवाजी नगर, सुमन विहार, गीतानगर, मालवीय नगर, अमित ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों में निवासरत हजारों परिवारों की समस्या को फिर से प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में परिवार कई दशकों से निवास कर रहे हैं। ऐसे में उनके आवासीय भविष्य और अधिकारों को सुरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए अवगत कराया कि बापूग्राम वन भूमि प्रकरण को आगामी कैबिनेट बैठक में लाने पर विचार किया जा रहा है। डॉ. अग्रवाल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। आसपास के क्षेत्रों के हजारों परिवारों को राहत दिलाना उनकी प्राथमिकता है।

प्रोजेक्टर द्वारा दी गई स्व-गणना प्रशिक्षण की जानकारी

कोटद्वार (चिंगारी)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में नगर निगम की ओर से स्वगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नगर निगम की चार सदस्यीय टीम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से स्व-गणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। टीम ने ऑनलाइन फॉर्म भरने की विधि, आवश्यक जानकारियों और प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को विस्तार से समझाया। कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्व-गणना प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भरने की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम तरीके से बताना है। मौके पर सभी से आनलाइन माध्यम से अपना स्व-गणना प्रपत्र भरने की अपील की गई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी, प्रो. एससी नौटियाल, प्रो. ज्योति खरे, डॉ. विनोद भंडारी, डॉ. सुरेश कुमार, अरविंद दुदपुड़ी और डॉ. जितेंद्र सिंह सहित समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

भारत स्वरूप एकेडमी में हुई सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता

चारों चरणों में रहा गायत्री हाउस विजेता

धामपुर (चिंगारी)। भारत स्वरूप एकेडमी में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर-सदनीय सामाजिक विज्ञान (एसएसटी) प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चार सदनों-प्रगति हाउस, कल्पना हाउस, स्मृति हाउस एवं गायत्री हाउस के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती उपासना यादव के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के महत्व, मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना तथा सामाजिक विज्ञान विषय के प्रति रुचि विकसित करना रहा। प्रतियोगिता को चार रोचक एवं ज्ञानवर्धक चरणों में विभाजित किया गया। प्रथम चरण 'ब्रेन बूस्टर' में विद्यार्थियों के विषयगत ज्ञान एवं त्वरित उत्तर देने की क्षमता को परखा गया। द्वितीय चरण 'गेस द पर्सनैलिटी' में विद्यार्थियों को विभिन्न महान व्यक्तित्वों को पहचानने का अवसर मिला। तृतीय चरण 'मैप मास्टर' में मानचित्र के माध्यम से विद्यार्थियों के भौगोलिक ज्ञान एवं विभिन्न स्थानों की पहचान करने की क्षमता का परीक्षण किया गया। वहीं चतुर्थ एवं अंतिम चरण 'बजर राउंड' में प्रतिभागियों ने अपनी तत्परता, आत्मविश्वास एवं त्वरित निर्णय क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने अपने ज्ञान, तार्किक चिंतन, आत्मविश्वास एवं त्वरित उत्तर देने की क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणामों में गायत्री हाउस ने प्रथम स्थान, प्रगति हाउस ने द्वितीय स्थान तथा स्मृति हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

राष्ट्रीय बाल विज्ञान की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

कोटद्वार (चिंगारी)। एकेश्वर ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमारखाल में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता हुई, जिसमें जूनियर और सीनियर वर्ग के 25 विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक शोधपत्र व परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। दोनों वर्गों के प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले छह विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुने गए। प्रतियोगिता, प्रधानाध्यापक रविंद्र चौहान के संयोजन, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर मंदीप सिंह के समन्वय और राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिंगवाड़ी के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश पोखरियाल के संचालन में हुई। उपखंड शिक्षा अधिकारी एकेश्वर दीपक लखेड़ा की देखरेख में विद्यार्थियों ने स्थानीय समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान रखे। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में जनता इंटर कॉलेज कमलपुर की निहारिका प्रथम, राइंका रिंगवाड़ी की कशिश द्वितीय और इसी विद्यालय के अभिषेक तृतीय रहे। जूनियर वर्ग में जनता इंटर कॉलेज कमलपुर की अमृता प्रथम, राइंका रिंगवाड़ी की अनन्या द्वितीय और इसी विद्यालय की दीपिका तृतीय स्थान पर रहीं। प्रथम व द्वितीय स्थान वाले प्रतिभागी अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में प्रस्तावित जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसके चयनित विद्यार्थी एक से तीन दिसंबर तक हल्द्वानी में होने वाली 32वीं राज्यस्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में प्रतिभाग करेंगे।

एक दिसंबर से जमा होंगे सदस्यता शुल्क

कोटद्वार (चिंगारी)। गढ़वाल मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन से जुड़े चालक, परिचालक व खलासी वर्ष 2027 का सदस्यता शुल्क व बीमा धनराशि 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक यूनियन कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय के उपरांत शुल्क व बीमा धनराशि जमा नहीं होगी। यह जानकारी देते हुए यूनियन के मंत्री संदीप अग्रवाल ने सभी चालक, परिचालक व खलासियों से निर्धारित तिथि तक शुल्क आवश्यक रूप से जमा कराने की अपील की है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

'ठाकुर राज' या 'यादव राज' नहीं, चन्द्रशेखर को बनाएं मुख्यमंत्री- ओवैसी

लखनऊ (चिंगारी)। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को राजधानी लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में 'बहुजन स्वराज संकल्प महारैली' का आयोजन किया गया। इस रैली के मंच से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने एक साथ आकर 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' का शंखनाद किया। आजाद समाज पार्टी के प्रमुख व सांसद चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान करते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह गठबंधन केवल हाथ मिलाने का नहीं, बल्कि दिलों का मिलन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने एक-एक वोट का इस्तेमाल सामाजिक परिवर्तन मोर्चा के पक्ष में करें



ताकि चंद्रशेखर आजाद को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जा सके। ओवैसी ने कहा कि मतदान सबसे बड़ा हथियार है और वोट की ताकत से ही उत्तर प्रदेश में नया इतिहास लिखा जाएगा।

मुस्लिम और दलित समाज की परेशानी एक

ओवैसी ने अपने भाषण में मुस्लिम और दलित एकता पर जोर देते हुए कहा कि दोनों समाजों की परेशानियां एक जैसी हैं। उन्होंने कहा, 'स्वराज्य का मतलब यह नहीं है कि प्रदेश में कभी ठाकुर राज हो जाए या कभी यादव राज। स्वराज्य का मतलब हिंदू राष्ट्र भी नहीं है। बाबा साहब के संविधान का असली अर्थ बराबरी हासिल करना है।' भाजपा सरकार और संघ परिवार पर निशाना साधते हुए ओवैसी ने आरोप लगाया कि ये लोग संविधान के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में अब 'गुंडाराज' खत्म होगा और इंसाफ एनकाउंटर या बुलडोजर से नहीं, बल्कि बाबा साहब के संविधान से होगा। युवाओं के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया गया है, लेकिन उनकी सरकार बनने पर युवाओं को शिक्षा और रोजगार दोनों मिलेंगे। वहीं, समाजवादी पार्टी (सपा) पर जातिवाद और परिवारवाद का आरोप लगाते हुए ओवैसी ने अखिलेश यादव को चुनौती दी। उन्होंने सवाल किया कि क्या अखिलेश यादव करहल सीट से किसी मुसलमान को टिकट देंगे। ओवैसी ने तंज कसते हुए कहा कि सपा वाले बात समाजवाद और लोहिया की करते हैं, लेकिन काम केवल अपने परिवार का करते हैं। उन्होंने दोटूक कहा कि 'अब अब्दुल दरी नहीं बिछाएगा।' रैली में पहुंचने पर दोनों नेताओं का बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं, कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास लगे पोस्टर व होर्डिंग्स चर्चा का केंद्र रहे, जिन पर लिखा था- 'दलित का बेटा सीएम बनेगा और अब्दुल का बेटा डिप्टी सीएम बनेगा।'

भारत की संप्रभुता किसी व्यक्ति, परिवार या जाति विशेष में नहीं, आम नागरिक में निहित- मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की संप्रभुता किसी व्यक्ति, परिवार या जाति विशेष में नहीं, बल्कि देश के आम नागरिक में निहित है। संविधान ने प्रत्येक भारतीय को यह अधिकार और दायित्व दिया है कि वह देश का वास्तविक संरक्षक है। कोई व्यक्ति या परिवार यह दावा नहीं कर सकता कि उसके कारण भारत अस्तित्व में है या वही भारत का संरक्षक है। भारत का हर नागरिक संविधान की गरिमा और लोकतंत्र की रक्षा का उत्तरदायी है। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में आयोजित संविधान गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संविधान हम सबका गौरव और 145 करोड़ भारतवासियों का मार्गदर्शक है। यह हमें अधिकारों का स्मरण कराने के साथ कर्तव्यों का बोध भी कराता है और देश के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का अहसास कराता है। संविधान निर्माताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उस विचार को ध्यान में रखा था कि भारत का राजनीतिक भाग्य भारतवासी स्वयं तय करेंगे। इसी भावना से संविधान निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान दुनिया के उन विशिष्ट संविधानों में है, जिसने पहले दिन से ही बिना किसी जाति, क्षेत्र, भाषा और लैंगिक भेदभाव के प्रत्येक वयस्क भारतीय को मताधिकार प्रदान किया।

किराये हेतु खाली है

एक हॉल 15X20 हरिद्वार रोड गांवड़ी तिराहा, मंडावली में किराये हेतु खाली है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें- अल्तमश अंसारी
मो. 8979723996

बिकाऊ है

एक मकान नई बस्ती 18X52 व एक दुकान 15X17 शिवाजी मार्केट बिजनौर में शीघ्र बिकाऊ है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।
मो. 9058092186

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



